इंदौर
सोमवार
16 नवंबर 2026
वर्ष- 22 • अंक 152

दोपहर दैनिक

सिटी ब्लास्ट

स्कैन करें, ई-पेपर पढ़ें

मूल्य 2 रुपए • पृष्ठ 12

निर्भीक व निष्पक्ष पत्रकारिता...

epaper.cityblast.in



रेखा गुप्ता | अक्षरा सिंह | मनीषा रानी



पत्नी के साथ मनोज तिवारी | बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी

घाटों पर छठ की छटा, सितारों ने भी दिया सूर्य को अर्घ्य

सोमवार ● एजेंसी

उगते सूर्य को अर्घ्य देने के साथ ही आज छठ महापर्व संपन्न हो गया और 36 घंटे का निर्जला व्रत भी पूरा हो गया। बिहार, उत्तरप्रदेश से लेकर दिल्ली, मुंबई, इंदौर और देश के विभिन्न इलाकों में हजारों घाटों पर आज तड़के से ही छठ की छटा नजर आने लगी। बड़ी तादाद में लोग सजे-धजे घाटों पर पहुंचने लगे और सूर्यदेव के दर्शन होते ही अर्घ्य देने लगे। आम लोगों से लेकर फिल्मी सितारे और नेता भी सुबह-सुबह घाट पर पहुंचे और उगते सूर्य को अर्घ्य दिया। भोजपुरी अभिनेत्री अक्षरा सिंह, मनीषा रानी के अलावा बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता, छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, भाजपा सांसद मनोज तिवारी, रवि किशन जैसी बड़ी हस्तियां भी उगते सूर्य को अर्घ्य देने पहुंचीं। केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने भी छठ पूजा अनुष्ठान किया। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन ने भी पत्नी के साथ सूर्य को अर्घ्य दिया। मोतिहारी जेल में 140 कैदियों के लिए विशेष घाट बनाया गया। अमेरिका में भी छठ पूजा की गई। असम में बारिश के बीच छठ पूजा की गई।

एनवीडिया फिर जेनसन हुआंग को बनाएगा सीईओ?



वॉशिंगटन ● एजेंसी

एलन मस्क ने की सिफारिश

दुनिया की सबसे बड़ी चिप कंपनियों में से एक एनवीडिया एक बार फिर से जेनसन हुआंग को सीईओ बना सकती है। हुआंग ने हाल ही में तीन महिलाओं से संबंध की खबर के बाद इस्तीफा दिया था, लेकिन अब उनके वापसी की चर्चा शुरू हो गई है। सिलिकॉन वैली के कई बड़े टेक दिग्गजों ने उन्हें दोबारा सीईओ बनाने के लिए सिफारिश की है। दावा यह भी है कि अब अमेरिका के व्हाइट हाउस के भी समर्थन की कोशिश की जा रही है। टेस्ला, स्पेसएक्स के सीईओ एलन मस्क और एपिक गेम्स के सीईओ टिम स्वीनी समेत कई दिग्गजों ने एक ओपन लेटर लिखा है, जिसमें उन्होंने एनवीडिया के बोर्ड से हुआंग को वापस लाने की मांग की है।

पंजाब के लिए भाजपा का घोषणा पत्र बनाएंगे राघव चड्ढा-हरभजन सिंह

चंडीगढ़.एजेंसी। पंजाब चुनाव के लिए भाजपा ने कमेटी का ऐलान किया है। इस कमेटी में आप छोड़कर भाजपा में आए 6 नेताओं को बड़ी जिम्मेदारी दी गई है। राघव चड्ढा और हरभजन सिंह जैसे आप के ये बागी नेता अब पंजाब के लिए भाजपा का घोषणा-पत्र बनाएंगे।

सुबह-सुबह डोलने लगी धरती, घर छोड़कर भागे लोग

काबुल.एजेंसी। अफगानिस्तान में एक बार फिर से धरती डोल गई और इसकी वजह से लोगों में चीख-पुकार मच गई। सुबह 3 बजे जब धरती डोली तो लोग अपने-अपने घरों में सो रहे थे, जो भूकंप के झटकों से घबरा गए और घर छोड़कर भागने लगे। रिक्टर स्केल पर इसकी तीव्रता 5.1 मैग्नीट्यूड मापी गई।


अमेरिका में आज भी 2000 उड़ानें रद्द

वॉशिंगटन.एजेंसी। अमेरिका में विमान सेवाओं का संकट तीसरे दिन भी जारी रहने के आसार हैं। करीब 2,000 और उड़ानें रद्द कर दी गई है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इसके लिए बाइडन प्रशासन के दौरान एफएए के कामकाज को जिम्मेदार ठहराते हुए उसे 'आपदा' बताया और कांग्रेस से अतिरिक्त फंड की मांग की।

मेलोनी की करीबी ने वोट चोरी के आरोप पर जताई आपत्ति

सोमवार ● एजेंसी

कांग्रेस के भारत समिट 2026 में इटली के नेता जियाकोमो फिलिबेक ने 'वोट चोर, गद्दी छोड़' का नारा लगाया था। अब इटली की सत्तारूढ़ गठबंधन की वरिष्ठ नेता डेबोरा बर्गामिनी ने इस टिप्पणी पर आपत्ति जताई है। उन्होंने कहा कि भारत को लोकतंत्र का पाठ पढ़ाना



अनुचित है। डेबोरा बर्गामिनी को इटली की प्रधानमंत्री मेलोनी का करीबी माना जाता है।

सोनिया की किताब की आज लॉन्चिंग, पहुचेंगे 4 मुख्यमंत्री

नई दिल्ली.एजेंसी। सोनिया गांधी की किताब बिलॉन्गिंग... अ जर्नी ऑफ लव की आज दिल्ली में ऑफिशियल लॉन्चिंग है। कार्यक्रम शाम 6 बजे से होटल मौर्या में होगा। इस समारोह में कांग्रेस शासित राज्यों केरलम, तेलंगाना और कर्नाटक के मुख्यमंत्री शामिल हो रहे हैं। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री विजय को भी राहुल ने न्योता दिया है।

शेयर बाजार ने लगाई छलांग

मुंबई.एजेंसी। शेयर बाजार ने सप्ताह के पहले कारोबारी दिन आज धुआंधार शुरुआत की है। सेंसेक्स इंडेक्स खुलते ही 600 अंक से ज्यादा की छलांग लगा गया, तो वहीं निफ्टी-50 ने भी करीब 130 अंकों की तेजी लेकर कारोबार की शुरुआत की। सेंसेक्स 639 अंकों से ज्यादा की छलांग लगाते हुए 82,231 के लेवल पर कारोबार कर रहा था।

मोदी आज जाएंगे फिलीपींस

नई दिल्ली.एजेंसी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज फिलीपींस की राजधानी मनीला जाएंगे। वे 17 नवंबर को होने वाली भारत-आसियान समिट और ईस्ट एशिया समिट में शामिल होंगे। फिलीपींस के राष्ट्रपति फर्डिनेंड मार्कोस जूनियर ने उन्हें बुलाया है। इस साल फिलीपींस आसियान की अध्यक्षता कर रहा है। इन बैठकों में समुद्र की सुरक्षा, व्यापार, जलवायु परिवर्तन और एशियाई देशों के बीच सहयोग बढ़ाने पर बात होगी।

आज रात बंद होंगे बद्रीनाथ धाम के कपाट

रुद्रप्रयाग.एजेंसी। विश्व प्रसिद्ध बद्रीनाथ धाम के कपाट आज रात 9 बजकर 37 मिनट पर शीतकाल के लिए बंद कर दिए जाएंगे। इसके साथ ही चारधाम यात्रा 2026 का विधिवत समापन हो जाएगा।

शेख हसीना के समर्थकों ने की तोड़फोड़, आगजनी





ढाका.एजेंसी। बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना की देश वापसी की मांग को लेकर उनके समर्थकों ने उनके गृह जिले गोपालगंज में जमकर हंगामा किया। अवामी लीग के सैकड़ों कार्यकर्ता सड़कों पर उतर आए। प्रदर्शनकारियों ने पुलिस की बख्तरबंद गाड़ी में आग लगा दी और एक पुलिस चौकी में तोड़फोड़ की। उन्होंने पुलिस बैरिकेड तोड़कर सड़कें जाम कीं और शेख हसीना की सरकार गिरने की याद में बनाए गए स्मारक को भी गिरा दिया। प्रदर्शनकारियों में कई लोग धारदार हथियार, लाठी और दूसरे स्थानीय हथियार लेकर पहुंचे थे। इसके पहले प्रदर्शनकारियों ने सत्तारूढ़ बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी कार्यालयों में भी आग लगाई थी।

कांग्रेस की मैराथन बैठक में निगम चुनाव की चर्चा

5 क्षेत्र की बैठक हो गई, शहरी राऊ की विधानसभा आधी रह गई

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।



शहर कांग्रेस अध्यक्ष चिन्टू चौकसे ने शहरी क्षेत्र की साढ़े 5 विधानसभाओं के 24 ब्लॉक अध्यक्ष और 85 वार्ड अध्यक्षों के अलावा 6 विधानसभा प्रभारियों के साथ संगठन की बैठक कल गांधी भवन में बुलाई थी। प्रदेश कांग्रेस की सहप्रभारी उषा नायडू भी इस बैठक में मौजूद रही। संगठनात्मक चर्चा इस बैठक में होती रही। बैठक इतनी मैराथन हुई कि 5 विधानसभाओं की बैठक तो शाम तक हो गई, लेकिन छठी विधानसभा राऊ के शहरी आधी विधानसभा को छोड़ना पड़ा। शहर कांग्रेस संगठन महामंत्री संजय बाकलीवाल भी बैठकों में मौजूद रहे। महत्वपूर्ण बात यह रही कि 5 विधानसभाओं के 22 में से 18 ब्लाक अध्यक्ष मौजूद रहे। वहीं 77 वार्ड में से 68 वार्ड अध्यक्ष मौजूद रहे। मैराथन बैठक चली। खासतौर से इस बैठक में नगर निगम चुनाव तक मंडलम और बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत करने को लेकर चर्चा हुई। वार्ड अध्यक्षों से जानकारी ली गई कि आपके वार्डों में क्या सामाजिक समीकरण है और वहां क्या-क्या कार्य किए गए हैं। सभी वार्ड अध्यक्षों को निर्देशित किया गया कि वे अपनी इकाई की बैठक लगातार करते रहे और पदाधिकारियों को सक्रिय रखे और बैठक की जानकारी सचित्र कांग्रेस अध्यक्ष के पास भेजी जाए। मतदाता सूची पर अभी काम चल रहा है उस सूची को देखा जाए, जो जुड़ने लायक नाम है वह नाम जुड़वाए, जो गलत नाम है उन्हें हटवाए जाए। कांग्रेस के बीएलए पर भी चर्चा हुई। कौन बीएलए हट गए थे, कहां बीएलए नहीं बने हैं उनकी पूर्ति भी की जाए। वार्ड अध्यक्षों को यह भी जिम्मेदारी दी गई कि वे अपने वार्ड में अलग-अलग जगह चौपाल लगाए, केन्द्र और प्रदेश सरकार के साथ नगर निगम की कमजोरी जनता को बताए। चिन्टू चौकसे ने हर विधानसभा की बैठक में दो टूक कहा कि वार्डों में जो मेहनत करेगा वहीं निगम में टिकट पाएगा, किसी तरह की रिकमेंट नहीं चलेगी। कार्य के आधार पर ही टिकट दिए जाएंगे। कुल मिलाकर कल की मैराथन बैठक को संगठन स्तर पर अच्छी बैठक कांग्रेसियों ने बताया। हर विधानसभा के प्रभारी भी मौजूद रहे। बैठक में प्रमुख रूप से दीपू यादव, अमन बजाज, सादिक खान, अनवर दस्तक, रफीक खान, सुदामा चौधरी सहित अन्य उपस्थित रहें।

पूर्व विधायक ने तीर-कमान उठाया तो सांसद देखते रहे



इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा ने कार्यक्रम प्रतिमा के समीप आयोजित किया था। जनजातीय गौरव दिवस पर रैली भी निकाली गई। कार्यक्रम में सांसद शंकर लालवानी और पूर्व विधायक सुदर्शन गुप्ता भी पहुंचे थे। कार्यक्रम में जनजाति समाजजन तीर-कमान लेकर भी पहुंचे थे।

बिरसा मुंडा की जयंती पर किया माल्यार्पण, रैली में हुए शामिल

मंच पर पूर्व विधायक सुदर्शन गुप्ता ने जब तीन-कमान उठाया और हाथ ऊंचा किया तो उस समय सांसद शंकर लालवानी, सुदर्शन गुप्ता को निहारते रहे। सुमित बघेल, सुनीता मौर्य, करण उरिया, आदित्य चंदेलिया, सुरेश सोलंकी, अजय रावत, वालसिंह, कमलेश भूरिया सहित अन्य भी मौजूद थे।



भाजपाइयों ने लगाया स्वास्थ्य शिविर

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। विधानसभा 1 के वार्ड 1 में भाजपाइयों ने लक्ष्मी नगर में स्वास्थ्य शिविर लगाया। 200 लोगों ने स्वास्थ्य लाभ लिया। सुरेश विश्वकर्मा, राकेश राठौड़, राजा, मनोज छतरसिंह दरबार, भूपेंद्र मकवाना, दिनेश पंवार, भजन ओझा, भारत केवट, राहुल शर्मा, चेतराम राजोरिया, आशा परमार, राम राजपूत, प्रियांशु पांडे, नौशाद, पसंजीत जाटव, शादीक खान, सूरज प्रजापत, जितेन्द्र जायसवाल, रामचरण साहू, राहुल शर्मा, मनोज नामदेव, प्रदीप साहू उपस्थित रहे।



मंत्री को दिया पेंशनर एसोसिएशन ने ज्ञापन

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। वरिष्ठ नागरिक पेंशनर एसोसिएशन मध्यप्रदेश ने मंत्री तुलसीराम सिलावट को नर्मदा विकास प्राधिकरण के कर्मचारियों की मांगों तथा गौशाला हेतु भूमि आवंटन संबंधित मांगों को लेकर ज्ञापन सौपा। भगवतीप्रसाद पण्डित, राजकुमार दुबे, किशोर सिंह यादव, राजेश जोशी, रमेश शिंदेल, सुरेन्द्र शुक्ला, महेन्द्र शर्मा सहित अन्य मौजूद थे।

भाजपाई और रहवासी रहे मिलन और समरसता भोज में मौजूद

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट



विधानसभा 3 का दिवाली मिलन और सामाजिक समरसता भोज का आयोजन ऋतुराज गार्डन में कल किया गया। विधानसभा के 10 वार्डों से सैकड़ों की संख्या में रहवासियों ने भी शिरकत की। मंडल से लेकर वार्ड तक के पदाधिकारी और भाजपाई मौजूद रहे। अलग-अलग समाजों के पदाधिकारियों का सम्मान भी विधायक राकेश शुक्ला गोलू ने किया। लक्ष्मी पाण्डे ने भजनों की प्रस्तुति दी। शंकर लालवानी, तुलसी सिलावट, गौरव रणदिवे, महेन्द्र हार्डिया, मधु वर्मा, सुमित मिश्रा, जीतू जिराती, सुदर्शन गुप्ता, दीपक जैन टीनू, मृदुल अग्रवाल, गोपीकृष्ण नेमा, सत्यनारायण सत्तन, टंटू शर्मा, राजू जोशी, श्रेष्ठा जोशी, निरंजनसिंह चौहान, महेश पालीवाल, बंटी वर्मा, रितेश विरांग, आशीष शर्मा सहित अन्य मौजूद थे।



युवा भाजपाइयों ने निकाली यात्रा

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा की जिला इकाई ने युवा शंखनाद के अन्तर्गत आभार यात्रा निकाली। युवाओं के संकल्प के साथ निकली आभार यात्रा में मांगलिया क्षेत्र गूंजा। युवाओं ने शक्ति प्रदर्शन भी किया। युवा समागम मांगलिया हाट मैदान गार्डन में हुआ। यात्रा लसूडिया से मांगलिया तक निकाली गई। जिले की चारों विधानसभा से युवा भाजपाई और चारों विधानसभा के पदाधिकारी, कार्यकर्ता मौजूद रहे। बडे नेता भी पहुंचे थे। उदबोधन भी हुआ, संकल्प भी लिए गए।

विधायक शेखावत के बयान पर विरोध थाना तक पहुंचा







इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

कार्रवाई की हुई मांग तो माफी भी मांगी

धार जिले के बदनावर विधायक और इंदौर से जुड़े हुए विधायक भंवरसिंह शेखावत ने बदनावर में मीडिया से चर्चा में कहा कि वे अब भाजपा में जाने वाले नहीं है। शेखावत ने यह भी कहा कि भाजपा ने जितने भी पुराने भ्रष्ट कांग्रेसी थे उन्हें आत्मसात कर लिया है। अब ऐसी पार्टी में जाना बड़ा मुश्किल है, जो भाजपा कांग्रेस मुक्त भारत करने निकली थी वह कांग्रेस युक्त भारत पार्टी बन गई। शेखावत के सख्त बातों पर विरोध भी आया। आजाद समाज पार्टी, अनुसूचित जाति मोर्चा ने पुलिस बदनावर में ज्ञापन सौंपकर विधायक पर कार्रवाई की मांग भी की। भाजपा के कार्यकर्ता ने भी विरोध जताया। रविदास समाज ने भी माफी मांगने को लेकर सोशल मीडिया पर पोस्ट डाली। बाद में विधायक शेखावत ने कहा कि मेरा उद्देश्य किसी भी समाज को ठेस पहुंचाने का नहीं है।





शिवराजसिंह चौहान का विमानतल पर स्वागत करने पहुंचे भाजपाई

पहले की तुलना में भीड़ कम नजर आई

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। केन्द्रीय मंत्री शिवराजसिंह चौहान कल किरार समाज के आयोजन में शिरकत करने इंदौर विमानतल पर पहुंचे तो उनके स्वागत के लिए पहले की तुलना में कम भाजपाई पहुंचे। नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा, सुदर्शन गुप्ता, दीपक जैन टीनू सहित और कार्यकर्ता पहुंचे थे। कई विधायक, पार्षद, पदाधिकारी नजर नहीं आए, जो पहले शिवराजसिंह चौहान का मुख्यमंत्री रहते स्वागत करने पहुंचते थे।

किरार समाज के आयोजन में पहुंचे केन्द्रीय मंत्री



इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

किरार समाज के सम्मेलन में शामिल होने के लिए केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराजसिंह चौहान आयोजन में पहुंचे तो समाज के नवयुवक मंडल ने जोश के साथ उनका स्वागत किया। उल्लेखनीय है कि किरार समाज की राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवराजसिंह चौहान की पत्नी साधना सिंह है। बापट चौराहा स्थित सम्मेलन में समाज की एकजुटता, सामाजिक विकास और युवाओं की सहभागिता पर विशेष जोर दिया गया। यहां जनप्रतिनिधि के रूप में मंत्री तुलसीराम सिलावट, रमेश मेंदोला, गोलू शुक्ला एवं भाजपा नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा साथ में मौजूद रहे। अन्य जनप्रतिनिधि यहां भी नहीं पहुंचे थे। समाज के सतीश सिंह चौहान, सुशील चौहान, संदीप चौहान, कुलदीप चौहान, जयनारायण चौहान एवं सिद्धेश चौहान एवं अन्य ने शिवराजसिंह चौहान का सम्मान किया। गदा भी भेंट की गई।

50 बोरी चुनावी फार्म कैसे हुए चोरी? कौशल

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

पूर्व पार्षद दिलीप कौशल ने बयान जारी कर कहा कि मतदाता के अधिकारों से खिलवाड़ किसने किया? सीसीटीवी कैमरों और गार्ड की सुरक्षा में कैसे चोरी हुए 50 बोरी चुनावी फॉर्म और सामग्री। इनमें फार्म 6, 7, 8 के चोरी होने के बाद राज्य सूचना आयोग ने कडा रुख अपनाया है। कौशल ने बताया कि सूचना आयोग ने आंतरिक जांच रिपोर्ट देने का महत्वपूर्ण आदेश दिया है। अब लगता है कि चुनावी फॉर्म चोरी का सच उजागर करने सूचना आयोग सख्त है। कौशल ने बताया कि राज्य सूचना आयुक्त डॉ. उमाशंकर पचौरी ने जिला निर्वाचन कार्यालय, इंदौर के लोक सूचना अधिकारी पीआईओ को आदेश दिया है कि वे 15 दिवस के भीतर आवेदक को मामले की आंतरिक विभागीय जांच और उससे जुड़े पत्राचार की प्रमाणित प्रतियाँ उपलब्ध कराएं तथा आयोग को इसका पालन प्रतिवेदन भेजें। क़ौशल ने बताया कि 29 जनवरी 2023 को इंदौर कलेक्टर कार्यालय परिसर से लगभग 50 बोरी निर्वाचन सामग्री चोरी होने की घटना सामने आई थी। इस गंभीर लापरवाही पर हुई पुलिस कार्रवाई और विभागीय जांच का सच जानने के लिए इंदौर के सामाजिक कार्यकर्ता एवं पूर्व पार्षद दिलीप कौशल ने 16 अक्टूबर 2024 को सूचना के अधिकार (ऊध) में जानकारी मांगी थी जिसके बाद विभाग द्वारा चोरी की पुलिस, पंचनामा, चोरी हुई सामग्री के विस्तृत ब्यौरे और विभाग द्वारा की गई संपूर्ण कार्रवाई के दस्तावेज मांगे थे। कौशल ने बताया कि मामले में शिकायत के बाद भी दो साल तक टालमटोल होता रहा, न्यायालय के दखल से आगे का रास्ता खुला। कौशल ने यहां तक कहा कि जो दस्तावेज गायब हुए है अधिकांश विधानसभा 2 के बताए जाते है। कौशल ने बताया कि क़लेक्टर कार्यालय को सबसे सुरक्षित कार्यालय माना जाता है। यहां लगभग 6 द्वार, 125 के लगभग सीसीटीवी कैमरो सहित 50 से अधिक सुरक्षा गार्ड तैनात रहते है जिस पर लाखो रुपये प्रतिमाह जनधन खर्च किया जता है, मध्यप्रदेश में वर्ष 2023 में संपन्न विधानसभा चुनाव में इंदौर की 09 विधानसभा क्षेत्रों में हार-जीत का अन्तर 4.17 लाख का रहा है जिसके पूर्व नाम जोड़ने, हटाने तथा सुधार के दस्तावेज कलेक्टर कार्यालय के परिसर से चोरी होना संदेहास्पद है। अब पत्र का 15 दिन में जवाब दिया जाना है। कौशल ने बताया कि अगर जानकारी नहीं दी गई तो धारा 18 के तहत पुनः आयोग के समक्ष पृथक से शिकायत दर्ज करा सकते हैं।



कांग्रेस से जुड़े सरपंच और भाजपा विधायक ने दी सौगात

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। धार रोड स्थित बांक पंचायत के सरपंच सोहराब पटेल और भाजपा के क्षेत्रीय विधायक मधु वर्मा ने पंचायत को सामुदायिक भवन की सौगात दी और भूमिपूजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान विधायक मधु वर्मा ने कहा कि नर्मदा लाइन और आरसीसी रोड के जो अधूरे कार्य है वे भी जल्द पूरे किए जाएंगे।

मुख्यमंत्री आज चार कार्यक्रमों में शामिल होंगे

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव चार कार्यक्रमों में शामिल होने शाम को आएंगे। वे यशवंत क्लब में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेंगे जिसके बाद आईबीएसएफ वर्ल्ड स्नूकर चैम्पियनशिप का उदघाटन करेंगे। इसके बाद क्लर्क कालोनी में आयोजित और एक अन्य कार्यक्रम में भाग लेंगे।

कांग्रेस के भोपाल पैदल मार्च में शामिल होंगे इंदौरी

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

भाजपा के वोट चोरी, भ्रष्टाचार और कुशासन के खिलाफ मार्च में एक लाख कांग्रेसियों को जुटाने का दावा

प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने भोपाल में 26 नवम्बर को पैदल मार्च का ऐलान किया है। इस दिन भोपाल में भाजपा के वोट चोरी, भ्रष्टाचार और कुशासन के खिलाफ कांग्रेस का विशाल पैदल मार्च निकाला जाएगा। कांग्रेस का दावा है कि पैदल मार्च में 1 लाख से अधिक लोगों को जुटाने का लक्ष्य रखा गया है। प्रदेश के सभी मोर्चा, प्रकोष्ठ, संगठन के अलावा हर जिला के विधानसभा प्रभारी, ब्लॉक अध्यक्ष, मंडलम अध्यक्ष भी इस पैदल मार्च में शामिल होंगे। पटवारी ने बताया कि पैदल मार्च के माध्यम से भाजपा सरकार के खिलाफ जनआवाज को बुलंद किया जाएगा और प्रदेश की जनता से जुड़े मुद्दों को व्यापक स्तर पर उठाया जाएगा। कांग्रेस मीडिया विभाग के अध्यक्ष मुकेश नायक ने बताया कि पूरे प्रदेश में व्यापक स्तर पर तैयारियां की जा रही है। कांग्रेस के सभी पदाधिकारी, जिला अध्यक्ष, ब्लॉक अध्यक्ष, विधायक, सांसद और विधायक उम्मीदवार, निकाय के जनप्रतिनिधि और उम्मीदवार और सभी मोर्चा, प्रकोष्ठ, पदाधिकारी, सदस्य को भोपाल पहुंचने के निर्देश दिए गए हैं। एक लाख कांग्रेसियों की मौजूदगी में भाजपा के कुचक्र, वोट चोरी, भ्रष्टाचार और प्रदेश में बढ़ती अराजकता के मुद्दे को आम जनता से सीधे जोड़ा जा सकेगा। यह केवल कांग्रेस का कार्यक्रम नहीं, बल्कि प्रदेश के लोकतंत्र, जन अधिकारों और जनता की आवाज को बुलंद करने का एक महत्वपूर्ण प्रयास होगा। पटवारी और नायक ने बताया कि कांग्रेस पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि और कार्यकर्ताओं के अलावा आम लोगों को भी इस पैदल मार्च से जोड़ा जाएगा और इसे विरोध का ऐतिहासिक मार्च बनाया जाएगा। भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों और लोकतांत्रिक मूल्यों पर हो रहे हमलों के खिलाफ कांग्रेस पूरी ताकत के साथ जनता के बीच जाएगी। इधर शहर कांग्रेस अध्यक्ष चिन्टू चौकसे एवं संगठन महामंत्री संजय बाकलीवाल ने बताया कि इस पैदल मार्च के लिए शहर कांग्रेस भी बड़ी तैयारी करेगी। हर विधानसभा से ब्लॉक और मंडलम अध्यक्षों को लक्ष्य दिया जाएगा और विधानसभा प्रभारी के नेतृत्व में बसों में भरकर भीड़ भोपाल भेजी जाएगी। कई कांग्रेस नेता और कार्यकर्ता कारों के माध्यम से भी भोपाल पहुंचेंगे।

सांची संघ ने 20 पैसे बढ़ोतरी का प्रस्ताव भेजा

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। किसान नेता बबलू जाधव ने बताया कि किसान सांची दुग्ध संघ से 12 रुपये प्रति फेट की मांग कर रहे हैं, जबकि सांची दुग्ध संघ ने कई ज्ञापन देने के बाद मात्र 20 पैसे बढ़ोतरी का प्रस्ताव जो किसानों के साथ अन्याय है। यह सांची दुग्ध संघ की किसानों के प्रति दोहरी कार्यप्रणाली को दर्शाता है। जाधव ने घोषित लंबित 5 रुपये प्रति लीटर प्रोत्साहन राशि का भुगतान तत्काल किया जाए की भी मांग की।

कम्पैल पहुंचे मंत्री ने गाया कीर्तन

भाजपा से जुड़े राठी परिवार ने किया था आयोजन

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

माहेश्वरी समाज और भाजपा से जुड़े ब्रजमोहन राठी, युगल किशोर राठी ने गोवर्धननाथ मंदिर कम्पैल में अन्नकूट महोत्सव का आयोजन किया गया। भगवान को छप्पन भोग लगाकर श्रृंगार किया और महाआरती भी की गई। बड़ी संख्या में ग्रामीण और माहेश्वरी समाजजन भी पहुंचे थे। मंत्री कैलाश विजयवर्गीय एवं मंत्री तुलसीराम सिलावट ने भी आयोजन में शिरकत की और कीर्तन भी वहां गाया। अन्य जनप्रतिनिधि सहित भाजपा पदाधिकारी, नेता-कार्यकर्ता भी पहुंचे थे। फूलकुंवर राठी, भगवानदास राठी, बृजमोहन राठी, युगल किशोर राठी, विकास राठी, आकाश राठी, नितेश राठी आयोजन से जुड़े रहे।



निगम का नामांतरण घोटाला दब गया

साइबर पुलिस में शिकायत करने के बाद शांत बैठ गए अधिकारी

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

इंदौर नगर निगम में हुआ नामांतरण घोटाला दब गया है। इस मामले में साइबर पुलिस में शिकायत करने के बाद अधिकारी शांत बैठ गए हैं। जिम्मेदार अधिकारियों पर अभी तक कोई दमदार कार्रवाई नहीं हो सकी है। अब निगम के अधिकारियों का कहना है कि जो कार्रवाई करनी होगी वह पुलिस करेगी।

इंदौर नगर निगम में किसी भी मामले के दोषी अधिकारियों को बचाने का बहुत अच्छा रास्ता ढूंढ लिया गया है। जब भी बड़े अधिकारियों को लगता है कि उनकी पसंद का अधिकारी किसी मामले में उलझ गया है तो उस अधिकारी को बचाने के लिए कोई कार्रवाई करने के बजाय पुलिस में शिकायत भेजने का काम कर दिया जाता है। ऐसा करने के साथ नगर निगम अपने अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई करने से पल्ला झाड़ लेता है और सारी कार्रवाई का काम पुलिस के भरोसे छोड़ दिया जाता है। पुलिस भी निगम के द्वारा भेजी जाने वाली शिकायतों में से अधिकांश शिकायतों में तो मुकदमा ही दर्ज नहीं करती है। जिनमें मुकदमा दर्ज हो जाता है उसमें जांच इतनी लंबी चल जाती है कि दोषी के खिलाफ कार्रवाई की बारी आ ही नहीं पाती है। नगर निगम का चर्चित नामांतरण घोटाला भी अधिकारियों के इसी तरह के खेल का शिकार हो गया है। पूरे शहर को चौंका देने वाले इस घोटाले में निगम के अधिकारियों ने संपत्ति के मालिक को मालूम भी नहीं पड़ने दिया और उसकी संपत्ति को किसी दूसरे के नाम पर ट्रांसफर कर दिया। इतना हैरतअंगेज काम करने के बावजूद इन अधिकारियों के खिलाफ अभी तक नगर निगम के द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गई है। निगम के अपर आयुक्त आकाश सिंह के द्वारा इस मामले की शिकायत साइबर पुलिस को कर दी गई है। यह पूरा घोटाला ऑनलाइन सिस्टम को क्रैक करके किया गया है। इस आधार पर साइबर पुलिस को शिकायत की गई है। साइबर पुलिस के द्वारा इस शिकायत को प्राप्त करने के बाद उसकी जांच शुरू कर दी गई है। अभी यह जांच अपनी गति से चल रही है। इसी बीच इस मामले के दोषी अधिकारी आनंद के साथ अपने काम को निपटाने में लगे हुए हैं।

खूब घोटाले लेकिन कार्रवाई छोटी-छोटी

निगम के राजस्व विभाग में घोटाले तो खूब होते हैं। जब भी कोई घोटाला सामने आता है और कार्रवाई करने के लिए दबाव बन जाता है तो इस विभाग के अधिकारियों के द्वारा दोषियों के खिलाफ छोटी-छोटी कार्रवाई की जाती है। उनकी रुचि इन आरोपियों को बचाने में लगी रहती है। यह राजस्व विभाग निगम की कमाई के लिए चर्चित विभागों में माना जाता है। इस विभाग में पूर्व में गबन घोटाले कर चुके आरोपी आज भी मुख्य धारा में प्रमुख जिम्मेदारी का निर्वहन करते हुए नजर आ रहे हैं।

9 टंकी से नहीं हुआ शहर में जलप्रदाय

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। शहर में पानी की नौ टंकी से जल प्रदाय नहीं हो सका। इसके चलते हुए ठंड के मौसम में एक बार फिर नागरिकों को पानी के संकट का सामना करना पड़ा। यह संकट इस बार भी पानी की लाइन के फूट जाने के कारण पैदा हुआ है। शहर में बायपास पर पूर्व से बिछाई गई मुख्य ग्रेविटी मेन लाइन को फीनिक्स मॉल के पास फ्लाईओवर निर्माण कार्य के कारण शिफ्ट किया जा रहा है। उक्त शिफ्ट की गई पाइपलाइन को मुख्य लाइन से जोड़ने का कार्य किया जा रहा है। उक्त कार्य के लिए बिचौली मर्दाना ब्रिज के पास स्थित वाल्व से पाइपलाइन का जलप्रवाह बंद किया गया। इस कारण कार्य पूर्ण होने तक कल 17 नवंबर तक जलप्रदाय प्रभावित रहेगा। इस लाइन के फूट जाने के कारण आज भूरी टेकरी, मित्र बंधु नगर, सर्व सुविधा नगर, कनाड़िया, हारून कॉलोनी, स्कीम नंबर 134, साईं कृपा कॉलोनी, तापेश्वरी नगर व समर पार्क की टंकी से पानी सप्लाई नहीं हो सका। इस स्थिति के कारण इन टंकियों से सप्लाई वाले क्षेत्र में नागरिकों को ठंड के मौसम में भी पानी के संकट का सामना करना पड़ा। निगम के अधिकारियों का कहना है कि लाइन को सुधारने का काम तेज गति से किया जा रहा है। इसके बाद भी यह लाइन कल मंगलवार को दोपहर तक ही सुधर पाने की उम्मीद है।

ठंड के मौसम में एक बार फिर लाइन फूटने से पानी का संकट

इसीलिए स्वच्छता में गौरव खो बैठा इंदौर...

शास्त्री मार्केट में दोपहर के समय पर फैला हुआ था कचरा, लगा हुआ था ढेर





इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। केंद्र सरकार द्वारा हाल ही में घोषित किए गए स्वच्छता सर्वेक्षण के परिणाम में इंदौर को सबसे स्वच्छ शहर होने के गौरव से हाथ धोना पड़ा। केंद्र सरकार के इस फैसले से इंदौर में नागरिकों में गुस्सा है। कल शास्त्री मार्केट में दोपहर के समय में कचरा फैला हुआ था। सड़क के किनारे कचरे के ढेर भी लगे हुए थे। अब लोगों का कहना है कि ऐसी स्थिति के कारण ही इंदौर के हाथ से यह गौरव गया है।

वैसे तो नगर निगम की ओर से हर दिन ही सुबह के समय पर ही पूरे शहर में सफाई करने की व्यवस्था की गई है। सड़क पर जो कचरा एकत्रित होता है उसे उठाने के लिए भी निगम के द्वारा पर्याप्त व्यवस्था की गई है। इन सारी व्यवस्थाओं के बावजूद हालात खराब हो रहे हैं। स्थिति अब यह हो गई है कि शहर में आसानी से कहीं भी कचरा फैला हुआ दिख जाता है। कहीं भी कचरे का ढेर लगा हुआ दिख जाता है। बैक लाइन को तो छोड़िए मेन रोड को भी साफ करना निगम के लिए संभव नहीं हो पा रहा है। शास्त्री मार्केट एक बड़ा व्यावसायिक केंद्र है। इस केंद्र पर दुकानों का पूरा मार्केट बना हुआ है। यहां बड़ी संख्या में व्यापारी और ग्राहक आते हैं। इस स्थान पर कल दोपहर में कचरा फैला हुआ था। इसके साथ ही सड़क के किनारे पर कचरे के ढेर भी लगे हुए थे। क्षेत्र के लोगों ने बताया कि नियम के अनुसार कचरा गाड़ी आकर जा चुकी थी। कचरा सफाई की जो व्यवस्था इस बाजार में है वह भी नियम के अनुसार कल भी बनी हुई थी। लेकिन उसके बावजूद इतनी बड़ी मात्रा में कचरा फैला हुआ था। इससे यह स्पष्ट होता है कि अब सफाई के प्रति नगर निगम का रुझान कमजोर हो गया है। इस रुझान के कमजोर होने का ही यह परिणाम है कि हमारे हाथ से सफाई का गौरव चला गया है।

वैदिक शोभायात्रा में 50 से अधिक सामाजिक संगठन ने की शिरकत

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि



गांधी हॉल से शहर के मध्य भ्रमण होती हुई वैदिक शोभायात्रा निकाली गई। यह यात्रा 50 से अधिक सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी और समाजजनों की मौजूदगी में निकली। यह यात्रा 4 घोड़ों के रथ पर शहर के मध्य भ्रमण करती हुई वापस गांधी हॉल पहुंची। देवव्रत रेखे का अभिनंदन भी किया गया। बड़ी संख्या में ब्राह्मण समाजजन मौजूद रहे। बटुकों ने वैदिक मंत्र और संस्कृत श्लोकों का उच्चारण किया। डॉ. विनायक पांडे, रामप्रकाश शर्मा, राधेश्याम शर्मा गुरुजी, चंद्रमोहन दुबे, दिनेश शर्मा, अर्पणा जोशी, सत्येंद्र शर्मा, मोनिका शर्मा, छाया लोकेन्द्र बैरागी, त्रिपुरारीलाल शर्मा, संदीप जोशी, राजेश हरदोनिया, घनश्याम वैष्णव, रविंद्र शर्मा, शैलेष चतुर्वेदी, विमला जोशी, दिलीप दुबे, दिनेश दवे, विकास मिश्र, सुभाष दुबे, अनूप शुक्ला, मुरलीदास महंत, प्रकाश वैष्णव, कृष्णा बैरागी, रोहित बैरागी, कोमल दीक्षित, अशोक चतुर्वेदी, आचार्य गोपाल बैरागी, अर्पणा जोशी ने अपनी भूमिका निभाई।



महापौर का पुतला कांग्रेसियों ने फूंका

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। विधानसभा 1 के वार्ड 11 भागीरथपुरा में कांग्रेस नेता दीपक मलोरिया रानू ने रफेली चौराहा भागीरथपुरा पर महापौर पुष्यमित्र भार्गव का पुतला दहन किया। वहां नारे भी लगाए कि महापौर ने झूठे वादे किए इसलिए स्वच्छता में नम्बर-1 का अवार्ड नहीं मिला। इस दौरान रमेश बिंजवा, प्रवीण सूर्यवंशी, अमित यादव, छोटेलाल कश्यप, घनश्याम यादव, महेश खीची, आशीष यादव मौजूद थे।



विहिप बजरंग दल की बैठक

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल की बैठक खजराना मंदिर के सत्संग हाल में हुई। बैठक में हितचिंतक सदस्य बनाने का अभियान ऑनलाइन एप के माध्यम से कार्य किया जाएगा, इसके लिए हितचिंतक ऐप प्रशिक्षण कार्यशाला में बैठक रखी और कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण दिया गया। अन्नू गेहलोत, मुकेश जैन, मालासिंह ठाकुर, विनोद शर्मा, संजय होलकर, कृष्णकुमार वर्मा, यज्ञेश राठी की मौजूदगी में कई मुद्दों पर चर्चा कर निर्णय लिए गए।

आयुक्त ने काटा दरोगा का 7 दिन का वेतन

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। आयुक्त क्षितिज सिंघल ने सफाई व्यवस्था निरीक्षण क्रम में झोन 2 वार्ड 69 के अन्तर्गत जवाहर मार्ग, राजमोहल्ला एवं मालगंज सब्जी मंडी क्षेत्र का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान मालगंज सब्जी मंडी क्षेत्र में सफाई व्यवस्था संतोषजनक नहीं पाए जाने तथा सब्जी दुकानों पर डस्टबिन की व्यवस्था नहीं होने पर आयुक्त सिंघल द्वारा नाराजगी व्यक्त की। इस पर उन्होंने वार्ड क्रमांक 69 के दरोगा आशीष ऊटवाल का 7 दिवस का वेतन काटने के निर्देश दिए।



चांदी साढ़े 5 हजार रु. टूटी, सोना भी हुआ सस्ता

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। सप्ताह के पहले दिन सोमवार को सोना-चांदी दोनों में गिरावट रही। एमसीएक्स पर दिसंबर वायदा चांदी 1,72,400 रु. पर खुली और सुबह 9:05 बजे तक 5,595 (3.2%) टूटकर 1,70,714 प्रति रु. किलो पर आ गई। दिन का निचला स्तर 1,70,444 रु. रहा, जो नवंबर 2025 के बाद सबसे कम है। दिवाली से अब तक चांदी 14,386 सस्ती हो चुकी है। सोना भी 1,005 (0.7%) गिरकर 1,35,700 प्रति 10 ग्राम पर रहा। जनवरी के रिकॉर्ड से चांदी करीब 59% और सोना करीब 25 नीचे है। अमेरिका में महंगाई बढ़ने से दिसंबर में ब्याज दर बढ़ने की आशंका, मजबूत डॉलर और महंगे कच्चे तेल के कारण दोनों धातुओं पर दबाव है। शादियों के सीज़न से पहले खरीदारों के लिए यह राहत की खबर है।

चालक-परिचालकों के हक की लड़ाई को लेकर जाएंगे दिल्ली

भगवा ऑटो रिक्शा चालक संघ के पदाधिकारी और सदस्य उठाएंगे राजधानी में मांग

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।



ऑटो रिक्शा सहित संपूर्ण परिवहन क्षेत्र से जुड़े चालक-परिचालकों की वर्षों से लंबित समस्याओं, अधिकारों एवं कल्याणकारी मांगों को लेकर 19 नवम्बर को दिल्ली में महाआंदोलन किया जाना है। इन्दौर से भी भगवा ऑटो रिक्शा चालक संघ के पदाधिकारी और सदस्य मांगों को मजबूती से उठाने के लिए दिल्ली जाएंगे। केन्द्र सरकार के समक्ष मांग की आवाज बुलंद की जाएगी। चालक साथियों के अधिकारों और सम्मान के लिए एकजुट होकर संघर्ष करने का आह्वान किया। 19 नवम्बर को आंदोलन और दिल्ली कूच को लेकर चालक संघ ने बैठक आयोजित की। इस आंदोलन का प्रमुख उद्देश्य चालक-परिचालक कल्याण बोर्ड का गठन करवाना तथा परिवहन क्षेत्र में कार्यरत लाखों श्रमिकों की समस्याओं, शोषण एवं अधिकारों से जुड़े विषयों को सरकार के समक्ष प्रभावी ढंग से प्रस्तुत करना है। बैठक में वीरेन्द्र कुमार त्रिपाठी, योगेश शर्मा, हेमराज जारवाल, अनिल साहू, बंटी यादव, दिनेशराव क्षीरसागर, लालसिंह कीट, टेकबहादुर थापा, सुनील साहू, विकास टिक्लिया, धर्मेंद्र बाखला, संजय साहू, देवेंद्र गीते, इब्राहिम खान, प्रकाश चौहान, नानूराम झरने, महिमाराम सावले, रामेश्वर साहू, शेखर चंदेल, शेख बाबू, प्रकाश पंवार, राजेंद्र पाल मौजूद थे।



विश्व यादगार दिवस मनाया

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के ट्रांसपोर्ट एवं ट्रैवल विंग द्वारा न्यू पलासिया स्थित ज्ञानशिखर ओमशांति भवन में यू.एन. द्वारा घोषित नवंबर मास के तीसरे रविवार को सड़क दुर्घटनाओं में जान गंवाने वाले तथा पीड़ितों की स्मृति में 'विश्व यादगार दिवस' मनाया गया। ब्रह्माकुमारी हेमलता दीदी, राधा महंत, करुणा मुंडे, डॉ. शिल्पा देसाई,शशि बहन, अम्बिका बहन, भावना बहन, रेणुका बहन, अनिता दीदी, उषा बहन, आशा बहन, रीतेश जोशी सहित अन्य मौजूद थे।

गुरव समाजजनों ने विवाह सम्मेलन के लिए चलाया अभियान

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। गुरव समाज पंचायत पश्चिम क्षेत्र, के तत्वावधान में आगामी 11 फरवरी बसंत पंचमी पर सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। आयोजन को लेकर लगातार तैयारियों और बैठक के आयोजन हो रहे है। पदाधिकारियों ने बड़वाह, सनावद, बुरहानपुर, हरदा, खंडवा क्षेत्र के सामाजिक पदाधिकारियों से मुलाकात कर निमंत्रण दिया।



भगवान सहस्त्रबाहुअर्जुन को याद किया

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। भगवान सहस्त्रबाहुअर्जुन का जन्मोत्सव कल चौकसे धर्मशाला परदेशीपुरा में मनाया गया। बडी संख्या में भगवान के वंशज मौजूद रहे। प्रहलाददास चौकसे, गन्नी चौकसे, आनंद चौकसे, प्रहलाद चौकसे, राजेंद्र चौकसे, धर्मेंद्र चौकसे, अंकित चौकसे, हेतराम चौकसे, राजेश चौकसे, रामदास चौकसे सहित अन्य मौजूद थे।



आदिशक्ति की महाआरती

इन्दौर। भगवती मानव कल्याण संगठन द्वारा लक्ष्मीबाई अनाज मंडी में माता आदिशक्ति जगजननी जगदंबा की मासिक महाआरती रविवार को की गई। प्रीतम ठाकुर ने उक्त जानकारी दी।



वर्ल्ड डायबिटीज-डे पर कार्यशाला

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट



इंडियन मेडिकल एसोसिएशन ने वर्ल्ड डायबिटीज-डे पर कार्यशाला' का आयोजन किया। डायबिटीज पर विशेष जानकारी दी गई। डॉ. संदीप जुल्का, डॉ. भारत साबू, डॉ. राजेश अग्रवाल, डॉ. दिलीप कुमार आचार्य, डॉ. शेखर डी राव, डॉ. राकेश गुप्ता, डॉ. अनिल बंडी, डॉ. विनीत नाज़ा, डॉ. संजय लौंढ, डॉ. मोहित नरेडी, डॉ. रुबीना वोरा, डॉ. प्रतीक महाजन, डॉ. अर्चना वर्मा, डॉ. एके पंचोलीया, डॉ. अक्षत पांडे, डॉ. शिवेश ठाकुर, डॉ. विनीता कोठारी, डॉ. राकेश गुप्ता ने अपनी भूमिका निभाई।

जेल में 108 कुंडीय महायज्ञ

गायत्री परिवार ने किया धार्मिक आयोजन

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। केंद्रीय जेल इंदौर में अखिल विश्व गायत्री परिवार के तत्वावधान में 108 कुंडीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया गया। जेल अधिकारी, कर्मचारी और बंदियों ने भी गायत्री यज्ञ में आहुतियां दी। अधिकारी डॉ. वरुण कपूर, दिनेश नरगावे सहित अन्य मौजूद थे।

फाउंडेशन ने बच्चों के साथ किया आयोजन



इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। बिचौली मर्दाना कीमा गांव की चोखी टेकरी बस्ती में बाल दिवस पर वसुन्नति फाउंडेशन और अकेडमी स्कूल ने आयोजन किया। सामग्री का वितरण किया गया, रंगोली बनाई, बच्चों के साथ खेल खेला। अमित त्रिवेदी, रोहित भंडारी ,अमन सोनी, ममता उदासी, प्रणिता दीक्षित, वंशिका रनसरा, सुहानी यादव, अक्ष तिवारी और मीशा पटेल सहित अन्य मौजूद थे।

ज़नजाति समाज उत्थान योगदान को याद किया



इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। म.प्र. जन अभियान परिषद द्वारा जनजाति गौरव दिवस के अवसर पर बिरसा मुंडा के जीवन, संघर्ष, त्याग एवं जनजातीय समाज के उत्थान में उनके योगदान को याद किया गया। मनीष जोशी, ऋतुजा पहाडे, अजय चौहान, मुस्कान धीवर, अनिता साहू, शिवानी पंवार, प्रवेश शर्मा, मीनाक्षी मिश्रा, वीरेन्द्र तिवारी, हरिओम डांगी, सुनील सराठे, शिव फुलपगारे ने अपनी भूमिका निभाई।

कहाँ जनमत-कितना जनहित' विषय पर राष्ट्रीय परिचर्चा



इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। स्टेट प्रेस क्लब, म.प्र. द्वारा 'लोकतंत्र में वर्चस्व की राजनीति कहाँ जनमत - कितना जनहित विषय पर राष्ट्रीय परिचर्चा का आयोजन किया गया। वरिष्ठ पत्रकार आशुतोष, विनोद अग्निहोत्री, जयशंकर गुप्त ने सार्थक उदबोधन दिया। स्वागत प्रवीण खारीवाल, रचना जौहरी, डॉ. रईस कुरैशी, नवनीत शुक्ला, आदिल सईद, इस्माइल लहरी, सोनाली यादव, संजीव श्रीवास्तव, सुनील जैन, संजीव श्रीवास्तव, पंकज क्षीरसागर ने किया।






अस्त होते सूर्य और आज सुबह उदय होते भगवान सूर्य को दिया अर्घ्य

छठ महोत्सव का हुआ समापन

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। इन्दौर में 150 से अधिक अलग-अलग क्षेत्र के अलग-अलग घाटों पर कल रविवार की शाम अस्त होते भगवान सूर्य को अर्घ्य दिया और खुशहाली की कामना की। आज भी अलसुबह से श्रद्धालु और समाजजनों द्वारा कुण्ड पर पहुंचकर उदय होते भगवान सूर्य का पूजन और अर्घ्य देने के आयोजन किया गया। कल के बाद आज भी छठ गीतों की प्रस्तुतियां दी गई। बिहार और पूर्वांचल संस्कृति की छटा दिखाई दी। आज सुबह भगवान सूर्य के पूजन, अर्घ्य और छठ गीतों के बाद छठ महोत्सव का समापन हुआ।

विश्वनाथ धाम पर गोपाष्टमी महोत्सव और मिलन कल

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। विश्वनाथ धाम सांवेर रोड पर दीपावली मिलन और गोपाष्टमी महोत्सव का आयोजन कल मंगलवार 17 नवम्बर को सुबह 9.30 बजे से गणेश मंडल पूजन के साथ शुरू होगा। गौमाता पूजन का आयोजन भी होगा। मुकेश कचोलिया, सुभाष गोयल, पंकज मित्तल, रामदास अग्रवाल, धनसिंह पंवार, पंकज अग्रवाल, हेमंत गोयल, आकाश गुप्ता आयोजन से जुड़े हैं।



जैन महासमिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने किए दर्शन

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। भारत वर्षीय श्री दिगंबर जैन महासमिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष मणीन्द्र जैन दिल्ली से इंदौर पहुंचे और दलालबाग पहुंचकर उन्होंने मुनि पुंगव सुधा सागर म.सा. के दर्शन कर आशीर्वाद लिया। इस दौरान राजेश जैन, डॉ. जैनेन्द्र जैन, राकेश जैन, टीके वेद सहित अन्य मौजूद थे।

केवड़ेश्वर पर दीपावली मिलन



इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। द्रविड़ स्वास्थ्य केंद्र एवं ग्रामीण कार्यकर्ता प्रशिक्षण केंद्र, केवड़ेश्वर पर दीपावली मिलन समारोह आयोजित किया गया। श्यामसुन्दर यादव, कांतिलाल बम्ब, राहुल निहोरे, मुकेश द्विवेदी, मोहित यादव, रोहित यादव, डब्ल्यूसीएल यादव, कृपेश यादव, अरविंद पोरवाल, विवेक मेहता, जीवन भदोरिया, शशिकांत गुप्ते, रमाशंकर कपूर, शेषमणि पाण्डे, सुशीला यादव सहित अन्य मौजूद थे।

माहेश्वरी समाजजन बड़ी संख्या में पहुंचे अन्नकूट प्रसादी लेने

महेश संगम के आयोजन के बाद अब फिर से एकजुट दिखा समाज, राजनेताओं ने भी की शिरकत

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।



बालाजी क्षेत्र माहेश्वरी समाज के अध्यक्ष रितेश राठी, सचिव विजय जाजू ने बताया कि समाज के वरिष्ठ कमल लड्ढा की इच्छानुसार माहेश्वरी समाज का बड़ा अन्नकूट महोत्सव कल दशहरा मैदान में आयोजित किया गया। समाज के 9 ही क्षेत्र के द्वारा निःशुल्क पास घर-घर तक वितरित किए गए थे। सभी कपल ग्रुपों को भी आमंत्रित किया गया था। पीयुष लड्ढा, अजय सारडा ने बताया कि हजारों की संख्या में दशहरा मैदान पर इस सामाजिक अन्नकूट की प्रसादी ग्रहण करने और छप्पन भोग दर्शन करने समाजजन पहुंचे। वेंकटेश बालाजी की मूर्ति भी दशहरा मैदान पर आकर्षण का केन्द्र थी। शृंगार के लिए भी टीम लगाई गई थी। बड़ी एलईडी स्क्रीन पर भगवान वेंकटेश के दिव्य दर्शन भी हो रहे थे। लड्डू गोपाल भी विराजित किए गए थे। समाजजनों की मौजूदगी में भगवान बालाजी की आरती की गई। बसंत खटोड़, सागरमल खटोड़, नितिन खटोड़, रोहन माहेश्वरी, अभय झंवर, भगवानदास भलिका, विजय लड्ढा, राकेश जाजू, विजय सिंगी, दिनेश मानधन्या सहित अन्य ने आरती भी की। भोजन की बैठकर और बफेट दोनों ही व्यवस्था की गई थी। इधर सुनील शर्मा भजनों की प्रस्तुति दे रहे थे उधर कीर्तन पर नृत्य भी हो रहा था। आयोजन बालाजी क्षेत्र माहेश्वरी समाज का था, लेकिन पूरे इंदौर समाज को जोड़ा गया था। समाज अध्यक्ष ईश्वर बाहेती पूरे समय मौजूद रहे। माहेश्वरी समाज जिला इकाई से लेकर क्षेत्रीय इकाई के पदाधिकारी भी मौजूद रहे। उल्लेखनीय है कि पहले भी महेश संगम और घराना के बैनर तले दो बड़े आयोजन समाज के एकजुटता के हुए थे उसके बाद इसका श्रेय बालाजी क्षेत्र माहेश्वरी समाज को जाता है। कमल लड्ढा के पुत्र पीयुष लड्ढा, शेरू लड्ढा एवं लड्ढा परिवार सहित पूरी टीम एकजुटता से जुटी रही। कार्यक्रम में सांसद शंकर लालवानी, नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा, विधायक मालिनी गौड़ सहित अन्य भी पहुंचे थे। क्षेत्रीय अध्यक्षों में चन्द्रप्रकाश हेड़ा, महेश राठी गुड्डा, मनोज कुइया, अनिल मंत्री, शैलेन्द्र भैया, संजय चंडक, विष्णु पलोड़, रमेश गट्टानी, ईश्वर कलंत्री के अलावा राजेश मूंगड़, रजत बेड़िया, राधेश्याम काबरा, मनोहर लड्ढा, राहुल मानधन्या भी मौजूद रहे।



22 झोन की सदस्यता को लेकर बैठक

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। विंध्याचल सोशल ग्रुप के डॉ. आरएन मिश्रा ने बताया कि ग्रुप के 22 झोन के माध्यम से सदस्यता अभियान चलाया जाएगा और वार्षिक उत्सव सम्मेलन 17 जनवरी को आयोजित होगा। इस मुद्दे पर बैठक आयोजित की गई। विंध्याचल के सभी ग्रुप और लोगों को जोड़ा जाए। वहीं इंदौर रीवा ट्रेन को लेकर भी चर्चा की गई।

परिवार सहित दीपावली मिलन में पहुंचे कपड़ा व्यापारी



इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। श्रीमंत महाराजा तुकोजीराव क्लाथ मार्केट मर्चेन्ट एसोसिएशन द्वारा दीपावली मिलन एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। आयोजन में मार्केट के वरिष्ठ व्यापारी एवं मुस्कान ग्रुप पारमार्थिक ट्रस्ट समाजसेवियों का सम्मान भी किया गया। कैलाश मूंगड़ ने बताया कि कार्यक्रम में व्यापारी परिवार सहित पहुंचे। कार्यक्रम में सांसद शंकर लालवानी, विधायक मालिनी गौड सहित अन्य मौजूद थे।

गिन्नी ग्रुप ने किया कर्मचारियों का सम्मान

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। गिन्नी ग्रुप ने दलालबाग चातुर्मास के दौरान नगर निगम के



कर्मचारियों द्वारा की गई सेवाओं के अवसर पर कर्मचारियों का सम्मान किया। नगर निगम ने चातुर्मास शुरू होने के पूर्व ही बड़ी राशि यहां जमा कर ली थी। उसी आधार पर कर्मचारियों ने कार्य किया था। अब उनका सम्मान गजेन्द्र जैन, गिरिश जैन ने किया।



पालीवाल बंधु ने किया लिफ्ट के लिए आर्थिक सहयोग

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। सदाशिव जोशी की स्मृति में परिजनों ने पालीवाल भवन धर्मशाला में लिफ्ट के लिए करीब ढाई लाख रु. की राशि का आर्थिक सहयोग किया। राकेश जोशी, ललित पुरोहित ने बताया कि जोशी परिवार खजराना के दिनेश पालीवाल ने यह सहयोग किया।

लायंस ने कराया विद्यार्थियों को स्वास्थ्य परीक्षण



इंदौर (सिटी ब्लास्य प्रतिनिधि)। लायंस क्लब इंदौर सिटी ने देवगुराड़िया स्थित स्कूल में विद्यार्थी और अध्यापकों के लिए शिविर का आयोजन किया। दिनेश रणधर, मनदीप राजपाल, रिंकी जयसिंघानी चुग, अशोक गुप्ता सहित अन्य मौजूद थे।

पालीवाल समाजजनों ने किया जेठवा का स्वागत



इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। फिल्म मर्दानी के कलाकार विशाल जेठवा और इंफ्लूएंसर राहुल पाटीदार इंदौर पहुंचे तो उनका स्वागत पालीवाल समाज के अर्जुन नारायण पालीवाल, ममता जोशी, नारायण पालीवाल, कृष्णा पालीवाल ने स्वागत किया।



राजमोहल्ला ग्रुप ने किया मिलन

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। भैयाजी हास्य एवं योगा ग्रुप राजमोहल्ला द्वारा दीपावली मिलन का आयोजन गार्डन में किया गया। घनश्याम मित्तल ने बताया कि बडी संख्या में ग्रुप सदस्य मौजूद रहे। पंकज सराफ, शकुंतला जैन, मीना चिमनानी, रेणु शर्मा, रमेश मौर्य का सम्मान किया गया।

शारदा का निधन



इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। सुनील एवं संजय शारदा, स्व. घनश्याम दासजी, स्व. श्यामसुंदरजी स्व.जी.डी. शारदा एवं देवकीनंदन, वल्लभदास, जगदीशचंद्र, भगवानदास, गोपाल, ओमप्रकाश, शैलेन्द्र, दिनेश शारदा के अग्रज एवं राजेश, प्रमोद, मनोज, सचिन, पवन, सुबोध, नितिन, अमन, आशीष, आदेश, गौरव, अंशुल, नमन, आयुष, नयन, अपूर्व शारदा के बड़े पिताजी, एवं मयंक, दक्ष, वेदांत, अनुज के दादाजी श्री कृष्णदास शारदा का निधन हो गया। शवयात्रा आज सुबह 923 सुदामा नगर गौतम आश्रम के पास से निकलकर पंचकुइया मुक्तिधाम पहुंची। बड़ी संख्या में माहेश्वरी समाजजन एवं अन्य मौजूद थे।

हंसदास मठ में भगवान का अन्नकूट होगा

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

हंसदास मठ बिजासन रोड पर 18 नवम्बर आंवला नवमी को भगवान का अन्नकूट महोत्सव आयोजित किया जाएगा। महंत रामचरणदास महाराज और पवनदास महाराज का सान्निध्य रहेगा। 17 नवम्बर को सुबह अखंड रामायण पाठ का आयोजन होगा और 18 नवम्बर को रामायण पाठ की पूर्णाहुति सुबह होगी। 18 नवम्बर की शाम 6.30 बजे से छप्पन भोग श्रृंगार दर्शन, महाआरती और प्रसादी का आयोजन होगा, भजन संध्या भी होगी।

राजपूत समाज चेतना मंडल की बैठक एवं शपथ ग्रहण

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

राजपूत समाज चेतना मंडल की कार्यकारिणी बैठक हुई जिसमें आय-व्यय प्रस्तुत किया गया। त्रिवार्षिक चुनाव हुए उसकी जानकारी दी गई। नए पदाधिकारियों के शपथ ग्रहण एवं फोल्डर विमोचन का आयोजन भी किया गया। चंद्रसिंह तोमर, रतनसिंह राजपूत सहित अन्य मौजूद थे।एसपी गौड, गजराजसिंह सोलंकी, मोनिका बैस, संजू सोलंकी, अशोक चौहान, मनोज ठाकुर,



सत्येन्द्रसिंह चौहान, भारतसिंह चौहान, विनोदसिंह चौहान, युवराजसिंह राजपूत, राजकुमारसिंह सिकरवार, संदीपसिंह सिकरवार, डॉ. चैतन्यदेव सिंह सिसोदिया, उदयसिंह पंवार सहित अन्य मौजूद थे।



कुशवाह समाज के युवक-युवती ने दिया मंच से परिचय

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

अखिल भारतीय कुशवाह महासभा द्वारा आयोजित युवक युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन महाकुम्भ के रूप में कल किया गया। 250 युवती, 150 युवक ने परिचय दिया। परिचय पुस्तिका के माध्यम से युवक-युवती की जानकारी लेकर दो परिवारों के बीच चर्चा भी हुई। कुछ रिश्तों पर बात आगे की ओर बढ़ी है। कई राजनेताओं ने भी शिरकत की। बाहर और इन्दौर के भी कुशवाह समाजजन मौजूद रहे।



दीपावली मिलन का आयोजन


इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। म.प्र. ट्रांसपोर्ट महासंघ के अध्यक्ष संजय अरोड़ा के निवास पर दीपावली



मिलन के आयोजन में मध्य प्रदेश मानव अधिकार आयोग में मित्रता पद वाले सलीम शेख भी पहुंचे। तृप्ता अरोड़ा, पूजा राकेश अरोड़ा सहित अन्य उपस्थित थे।

पालीवाल समाजजनों ने की अन्नकूट महोत्सव में शिरकत

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। पालीवाल ब्राह्मण समाज 44 श्रेणी ने चारभुजानाथ धर्मशाला में अन्नकूट महोत्सव का आयोजन किया। बड़ी संख्या में पालीवाल समाजजन मौजूद रहे। भगवान के छप्पन भोग, श्रृंगार दर्शन किए गए और महाआरती में शिरकत की गई। भगवान चारभुजानाथ के जयकारे लगे। भूरालाल व्यास, विजयशंकर जोशी ने पदाधिकारी का दायित्व आयोजन में जिम्मेदारी के साथ निभाया। उक्त जानकारी विनोद जोशी ने दी।



इज्तिमाई निकाह सम्मेलन आयोजन समाजसेवी पठान रहे मौजूद

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। खजराना में अहले



सरज़मीं खिदमते कौम वेलफेयर सोसायटी के तत्वावधान में कल इज्तिमाई निकाह का आयोजन किया गया। समाजसेवी सलीम पठान ने आयोजन में शिरकत की।



200 जैन समाजजनों का बहुमान

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। केसरी वाटिका में चातुर्मास आयोजन के दौरान प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से 200 से अधिक जैन समाजजनों का बहुमान किया गया। वात्सल्य भोज भी हुआ। संत विजय नित्यसेनसूरीश्वर म.सा., चारित्ररत्न विजय म.सा., आध्यात्मसेन म.सा. की निश्रा में आयोजन हुआ। अठारह अभिषेक का आयोजन भी किया गया। उक्त जानकारी राजेश जैन युवा ने दी।

राजेश जैन युवा का सम्मान



इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। केसरी वाटिका में चातुर्मास आयोजन में हुए कृतज्ञता समारोह में चातुर्मास के मीडिया प्रभारी एवं मक्सी तीर्थ ट्रस्ट मंडल के अध्यक्ष राजेश जैन युवा का विशेष सम्मान किया गया। धनराज संघवी, नीरज सुराणा, महेन्द्र बागवाला, अनिल सकलेचा, दिनेश मेहता, मनोज जैन, नरेंद्र राणापुर, रवि रांका सम्मान में मौजूद रहे। गच्छाधिपति विजय नित्यसेनसूरीश्वर म.सा. एवं मुनि मंडल, साध्वी मंडल का सान्निध्य भी प्राप्त हुआ। सम्मान के बाद राजेश जैन युवा ने सार्थक उदबोधन भी दिया।



स्कूल में बाल मेले का आयोजन

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। मारवाड़ी स्कूल नलिया बाखल में बाल दिवस पर बाल मेले का आयोजन किया गया। स्कूल की छात्राओं ने अपनी प्रतिभा दिखाई। व्यंजन स्टॉल भी लगाए गए थे। बीना मालानी शर्मा, रजनी बंडी जैन, दर्शनी अग्निहोत्री, राजश्री मकवाना सहित अन्य मौजूद थे।

दीपावली मिलन एवं अन्नकूट महोत्सव

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। अग्रसैन सोशल ग्रुप का दीपावली मिलन एवं अन्नकूट महोत्सव का आयोजन फार्म हाऊस पर किया गया। महाराजा अग्रसेन के चित्र पर माल्यार्पण कर पूजन कर महाआरती



आयोजन किया गया। शिव जिंदल, राजेश गर्ग, कमलेश मित्तल, राजू बंसल, राजकुमार बंसल, विनोद गोयल,विजय गर्ग, रवि प्रकाश गर्ग, उमेश बिन्दल,एस आर गुप्ता, सतीश गोयल, डॉ. गोविन्द सिंघल, किरण सिंघल, मनीष मित्तल सहित अन्य मौजूद थे।

एमपी पीएससी का मिस मैनेजमेंट : नवंबर में कॉपियां दिखानी थी

आवेदन भी नहीं हो पाएंगे, पहले पांच साल इंतजार किया, अब पांच माह और बीत गए

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। मध्यप्रदेश लोकसेवा आयोग (पीएससी) राज्य सेवा मुख्य परीक्षा का उत्तरपुस्तिकाएं दिखाने के मामले में मिस मैनेजमेंट सामने आया है। पहले ही राज्य सेवा परीक्षा 2019 के अभ्यर्थियों को पांच साल इंतजार करना पड़ा। अब कोर्ट के आदेश के भी पांच माह होने जा रहे है। अभी तो सवाल यह है कि क्या पीएससी दिसंबर में भी कॉपियां दिखा पाएगा? पहले कहा गया था कि उत्तर पुस्तिकाएं दिखाने की शुरुआत नवंबर के पहले और फिर चौथे सप्ताह से होगी। इसके लिए नवंबर के पहले सप्ताह से आवेदन प्रक्रिया शुरू की जाना थी। लेकिन अभी आठ दिन और नहीं हो पाएगी। इसके लिए अलग से पोर्टल तो बन गया है, लेकिन ट्रायल के बाद इसे शुरू किया जाएगा। सबसे पहले राज्य सेवा मुख्य परीक्षा-2019 की उत्तरपुस्तिकाएं दिखाई जाएंगी।

क्या है पीएससी की योजना

इसके बाद 2020 से 2024 तक की परीक्षाओं की कॉपियां दिखाने की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। पीएससी मुख्यालय



में इसके लिए अलग सिस्टम तैयार किया जा रहा है। कम्प्यूटर सिस्टम के जरिए अभ्यर्थी निश्चित समय सीमा में कॉपियां देख सकेंगे।

हद तो यह है कि आवेदन की प्रक्रिया सितंबर में शुरू होना थी, लेकिन देरी हो गई है। पीएससी का कहना था कि अक्टूबर के अंतिम सप्ताह तक प्रक्रिया शुरू करने की कोशिश करेंगे फिर कहा कि पोर्टल के तकनीकी पहलुओं पर काम पूरा होने के बाद ही आवेदन शुरू हो पाएंगे। नवंबर में उत्तर पुस्तिकाएं दिखाने की प्रक्रिया शुरू कर देंगे, लेकिन अब जनवरी तक बात जाती दिख रही है।

मुख्यालय में रहेगी बैठक व्यवस्था

पीएससी मुख्यालय में बैठक व्यवस्था रहेगी। कम्प्यूटर सिस्टम पर कुछ सेकंड में लिंक खुलेगी और अभ्यर्थी अपनी उत्तर पुस्तिकाएं देख सकेंगे। मुख्य परीक्षा में छह पेपर होते हैं। हर परीक्षा के लिए औसत 100 या उससे ज्यादा अभ्यर्थियों को बुलाया जाएगा। इस दौरान कम्प्यूटर सिस्टम पर ऑनलाइन उत्तरपुस्तिकाएं दिखाई जाएंगी। पीएससी की तरफ से 2019 से 2024 तक की कॉपियां दिखाई जाना हैं। पूरी प्रक्रिया में चार से पांच माह का समय लगेगा। आवेदन प्रक्रिया पूरी होने के बाद तय होगा कि किस दिन, किस अभ्यर्थी का नंबर आएगा। अभ्यर्थियों को मैसेज या ई-मेल के जरिए पता चलेगा कि उन्हें कब और कौन से समय पर पहुंचना है।



इंदौर-हातोद और देपालपुर सड़क निर्माण कार्य की दिखने लगी रंगत

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। इंदौर-हातोद-देपालपुर सड़क का चौड़ीकरण अब फोरलेन (4-लेन) के रूप में किया जा रहा है। मध्य प्रदेश शासन ने पिछले दिनों करीब 37 किलोमीटर लंबी सड़क निर्माण और चौड़ी करण प्रोजेक्ट के लिए लगभग 745 करोड़ की मंजूरी देने के बाद हाल ही में दीपावली से पहले इसका निर्माण कार्य मध्य प्रदेश सड़क विकास निगम द्वारा शुरू भी कर दिया गया है। इस सड़क के चौड़ीकरण और निर्माण से बड़ा फायदा यह होगा कि वर्तमान में यह मार्ग 2-लेन है, जिससे यहां आए दिन जाम की स्थिति रहती है। यही नहीं वहीं अब यातायात का दबाव कम करने के लिए इस मार्ग को पूरी तरह से 4-लेन में अपग्रेड किया जाएगा।वहीं निर्माण एजेंसी इस प्रोजेक्ट का निर्माण लोक निर्माण विभाग के बजाय एमपीआरडीसी के माध्यम से पूरा करवाया जा रहा है।

नए पुल -पुलिया और ब्रिज की भी मिलेंगी सौगात - बड़ी बात यह है कि इस परियोजना के तहत यशवंत सागर बांध के पास एक नया पुल भी बनाया जाएगा। यह नया मार्ग बांध को बायपास करते हुए सीधे मिर्जापुर फाटा से जोड़ेगा। वहीं इस सड़क प्रोजेक्ट को सिंहस्थ 2028 की तैयारी से जोड़कर भी देखा जा रहा है। गौरतलब है कि उज्जैन में होने वाले सिंहस्थ 2028 से पहले इंदौर, हातोद, देपालपुर और इंगोरिया के बीच कनेक्टिविटी को मजबूत करने के लिए इसे प्राथमिकता से तैयार किया जा रहा है।

इंदौर देपालपुर मार्ग को मिलेंगी जाम से राहत- इंदौर - हातोद और देपालपुर के इस पूरे मार्ग के चौड़ा होने से देपालपुर क्षेत्र में लगने वाले ट्रैफिक जाम से भी मुक्ति मिलेगी। इसके साथ ही उज्जैन, जावरा, नागदा होते हुए राजस्थान और दिल्ली-मुंबई कॉरिडोर तक पहुंचना भी इससे काफी आसान हो जाएगा

विश्वविद्यालय की 8 करोड़ लागत वाली मल्टी स्टोरेज बिल्डिंग का होगा निर्माण

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। देवी अहिल्या विश्वविद्यालय के तक्षशिला परिसर में बनने वाली मल्टी स्टोरी बिल्डिंग की बाधाएं खत्म हो गई है। यह 6 मंजिला बनेगी। यहाँ आईआईपीएस, आईएमएस और लॉ सहित 8 टीचिंग विभाग अतिरिक्त क्लास लगाएंगे। जबकि चार विभागों को पूरी एक एक मंजिल अलॉट होगी। तक्षशिला परिसर में 8 करोड़ रुपए की लागत से यह मल्टी स्टोरी बिल्डिंग बनाई जाएगी। इसमें अत्याधुनिक सुविधाएं रहेंगी। साथ ही हर फ्लोर पर चार से पांच स्मार्ट क्लास रूम रहेंगे। इसे लेक्चर हॉल थियेटर नाम दिया गया है।

क्यों अहम है ये प्रोजेक्ट- तक्षशिला परिसर का कोई भी टीचिंग विभाग, जहां क्लास रूम की कमी है, वह यहां क्लासेस लगा सकेगा। इसके साथ ही डीएवीवी अब नए सेंट्रल लाइब्रेरी भवन के लिए भी 2 करोड़ रुपए खर्च करने जा रही है। इसके साथ ही आवास निर्माण एवं विकास कार्य के लिए 2 करोड़ रुपए खर्च किए जाने वाले हैं। नालंदा एवं तक्षशिला परिसर में ड्रेनेज लाइन के विकास पर भी 5 करोड़ रुपए खर्च होंगे, लेकिन चिंता ये कि लगातार छठे साल डीएवीवी के बजट में कुछ टीचिंग विभागों के विस्तार व कुछ के नए भवन के प्रस्ताव रखे थे। काम कभी शुरू नहीं हुआ। इसमें नालंदा परिसर में नवीन प्रशासकीय भवन के लिए डेढ़ करोड़ रुपए का प्रस्ताव भी शामिल है। इसके अलावा जीव विज्ञान अध्ययनशाला के नए आडिटोरियम को संवारने के लिए भी 75 लाख रुपए खर्च होना है। ई-लाइब्रेरी की स्थापना पर 50 लाख रुपए का बजट मंजूर किया गया था। इसके साथ ही कर्मचारियों के आवास के लिए 3 करोड़ 80 लाख रुपए मंजूर हुए। काम किसी का शुरू नहीं हुआ। वहीं आईईटी के दो आडिटोरियम के लिए 3 करोड़ मंजूर हुए थे, वहीं आईआईपीएस के विस्तार पर 4 करोड़ व कामर्स विभाग के आडिटोरियम के नवीनीकरण के लिए भी 1.5 करोड़ के प्रस्ताव मंजूर हुए थे। सिर्फ कॉमर्स का काम पूरा हो पाया है। स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स में क्लास रूम के निर्माण के लिए दो करोड़ की मंजूरी दी गई थी।

एबी रोड से अब सीधा जुड़ेगा वार्ड 36 का क्षेत्र

बायपास से मायाखेड़ी तक बनेगी 70 लाख खर्च कर एक किमी लंबी नई सीमेंटेड सड़क

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। सांवेर विधानसभा के अंतर्गत वार्ड 36 के ग्रामीण क्षेत्र माया खेड़ी से एबी रोड बायपास तक नई सीमेंट सड़क का निर्माण किया जाएगा। जिसको लेकर क्षेत्रीय विधायक एवं प्रदेश सरकार के मंत्री तुलसीराम सिलावट और पार्षद सुरेश कुरवडे के लगातार प्रयासों के बाद अब निगम द्वारा आने वाले दिनों में यहां बेहद जल्द क्षेत्र के लोगों की सुविधा के लिए करीब 1 किलोमीटर के आसपास बनने वाली नई सीमेंट सड़क के निर्माण का कार्य भी इसी माह में बेहद जल्द शुरू किया जाएगा। जिसको लेकर निविदा संबंधित प्रक्रिया भी शुरू हो गई है।

बायपास से जुड़ी कालोनियों को मुख्य मार्ग से जोड़ने का लगातार हो रहा काम



बड़ी बात यह है कि बायपास से जुड़ी ज्यादातर कॉलोनियों को मुख्य मार्ग से जोड़ने का कार्य लगातार निगम द्वारा किया जा रहा है। इसी कड़ी में अब वार्ड 36 से जुड़े माया खेड़ी क्षेत्र की मुख्य सड़क एबी रोड बायपास से जोड़ने के लिए बेहद जल्द निगम द्वारा लगभग एक किमी के आसपास नई सीमेंटेड सड़क के नवनिर्माण और चौड़ीकरण का कार्य जल्द शुरू किया जाएगा। जिसको लेकर मंत्री तुलसीराम सिलावट और क्षेत्रीय पार्षद सुरेश कुरवडे के प्रयासों से निगम ने सड़क निर्माण को लेकर टेंडर प्रक्रिया भी शुरू कर दी है। यही नहीं आने वाले दिनों में जल्द उक्त सड़क का निर्माण कार्य भी शुरू हो जाएगा ताकि लोगों को आने-जाने में सोहलियत होगी।

एक माह में पटरी पर आ सकती है इंदौर की सफाई व्यवस्था

महापौर से लेकर मंडल अध्यक्ष और आयुक्त से लेकर दरोगा तक को संभालना होगा मोर्चा, रोजाना 24 घंटे की निगरानी और जनभागीदारी से ही लौटेगा स्वच्छता का गौरव

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। इंदौर की बिगड़ती सफाई व्यवस्था को महज एक महीने में पटरी पर लाया जा सकता है, लेकिन इसके लिए नगर निगम और जनप्रतिनिधियों को मिलकर मैदान संभालना होगा। स्वच्छता को फिर से जनआंदोलन बनाने के लिए जनता में जोश भरने के साथ ही फील्ड में लगातार निगरानी जरूरी है। महापौर से लेकर मंडल अध्यक्ष और नगर निगम आयुक्त से लेकर वार्ड के दरोगा तक यदि रोजाना सक्रिय रहें तो शहर की सफाई व्यवस्था में बड़ा बदलाव आ सकता है। इसके लिए 24 घंटे निगरानी, नियमित निरीक्षण और गंदगी फैलाने वालों पर तत्काल कार्रवाई जरूरी है।

2016-17 वाला जज्बा फिर जगाना होगा- शहरवासियों को आज भी 2016-17 का वह दौर याद है, जब इंदौर में स्वच्छता अभियान की शुरुआत हुई थी। घरों के बाहर से कचरा पेटियां हटाने, डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण और नागरिकों की भागीदारी से शहर ने स्वच्छता की नई पहचान बनाई। वेस्ट मैनेजमेंट और रीसाइक्लिंग में भी इंदौर ने देश के सामने उदाहरण पेश किया। अब जरूरत उसी पुराने जज्बे को फिर जगाने की है। जिन नागरिकों ने इंदौर को स्वच्छता में पहचान दिलाई, उन्हें दोबारा अभियान से जोड़ना होगा।

महापौर की टीम को संभालना होगा मोर्चा- महापौर की अगुवाई में जनप्रतिनिधियों और संगठन की टीम वार्ड स्तर पर सक्रिय हो तो सफाई अभियान को जनआंदोलन बनाया जा सकता है। इसकी जिम्मेदारी इस तरह तय की जा सकती है।

महापौर की टीम की जिम्मेदारी- 1. महापौर स्वयं रोजाना अलग-अलग क्षेत्रों का निरीक्षण करें।

2. क्षेत्रीय पार्षद अपने वार्ड में सफाई व्यवस्था की निगरानी करें।

3. मंडल अध्यक्ष और भाजपा कार्यकर्ता नागरिकों को अभियान से जोड़ें।

4. सामाजिक संगठनों और रहवासी संघों के माध्यम से जागरूकता अभियान चलाएं।

5. गंदगी फैलाने वाले स्थानों को चिह्नित कर जिम्मेदारों पर कार्रवाई के लिए दबाव बनाएं।

आयुक्त की टीम को कसनी होगी जवाबदेही- नगर निगम आयुक्त फिलहाल फील्ड में सक्रिय हैं, लेकिन अकेले आयुक्त के निरीक्षण से पूरे शहर की व्यवस्था नहीं सुधर सकती। इसके लिए निगम की पूरी प्रशासनिक मशीनरी को मैदान में उतरना होगा।

नगर निगम आयुक्त की टीम की जिम्मेदारी- 1. अपर आयुक्तों को अलग-अलग जोन की जिम्मेदारी सौंपना।

2. सफाई नियंत्रक अपर आयुक्त नियमित मॉनिटरिंग करें।

3. सीएसआई और सहायक सीएसआई वार्डवार सफाई की समीक्षा करें।

4. दरोगा और सफाई कर्मचारियों की उपस्थिति तथा काम की निगरानी हो।

5. एनजीओ के कर्मचारी घर-घर जाकर नागरिकों को कचरा प्रबंधन के प्रति जागरूक करें।

निगरानी होगी तो जनता भी जुड़ेगी- स्वच्छता विशेषज्ञों के मुताबिक इंदौर की सबसे बड़ी ताकत उसकी जनभागीदारी रही है। यदि एक महीने तक जनप्रतिनिधि और निगम अधिकारी लगातार मैदान में रहकर सफाई व्यवस्था की निगरानी करें, तो बदलाव दिखाई देने लगेगा। सिर्फ सफाई कर्मचारियों के भरोसे शहर स्वच्छ नहीं हो सकता, इसके लिए नागरिकों की जिम्मेदारी भी तय करनी होगी। कचरा सड़क पर फेंकने, खुले में कचरा डालने और नियम तोड़ने वालों पर कार्रवाई के साथ जागरूकता अभियान चलाना होगा।

संपादकीय

साइबर ठगी के नाम पर निर्दोषों के बैंक खाते फ्रीज करने पर इलाहाबाद हाई कोर्ट सख्त, केंद्र से मांगी पारदर्शी व्यवस्था

साइबर ठगी के मामलों में निर्दोष नागरिकों के बैंक खाते अनिश्चितकाल तक फ्रीज किए जाने पर इलाहाबाद हाई कोर्ट ने नाराजगी जताई है और केंद्र से पारदर्शी व्यवस्था बनाने को कहा है। साइबर अपराधों के बढ़ते खतरे से निपटना राज्य सरकार की अनिवार्य जिम्मेदारी है, लेकिन जब अपराधियों तक पहुंचने में तंत्र की अक्षमता का बोझ निर्दोष नागरिकों पर डाल दिया जाए, तब इससे कानून के शासन की धारणा खंडित होती है। आज बैंक खाते केवल धन जमा करने का साधन नहीं हैं। वे व्यक्ति की आजीविका, व्यवसाय, सामाजिक सुरक्षा और वित्तीय अस्तित्व का आधार हैं। ऐसे में किसी खाते को फ्रीज कर देना नागरिक के आर्थिक जीवन को रोक देना है। समस्या तब गंभीर हो जाती है जब यह कार्रवाई वर्षों तक चलती रहे और पीड़ित को यह तक न बताया जाए कि आखिर उसका अपराध क्या है, जांच कहां तक पहुंची है और राहत कब मिलेगी। डिजिटल इंडिया के दौर में व्यवस्था अपराधियों की तुलना में पीड़ितों पर ही अधिक कठोर दिखाई देती है। साइबर ठग किसी का भी आधार, मोबाइल या बैंक विवरण चुराकर अपराध कर बैठते हैं, लेकिन सबसे पहले संदेह और दंड उस व्यक्ति के हिस्से में आता है, जिसकी पहचान का दुरुपयोग हुआ होता है। इलाहाबाद हाई कोर्ट ने केंद्र सरकार से ऐसी व्यवस्था बनाने को कहा है, जिससे साइबर अपराध के शिकार नागरिकों को अनिश्चितकाल तक आर्थिक बंदी बनाकर न रखा जाए। यह मामला बताता है कि साइबर अपराध से निपटने की मौजूदा व्यवस्था में जवाबदेही का अभाव किस स्तर तक फैला हुआ है। अपराधी अक्सर पकड़ से बाहर रहते हैं, जबकि पीड़ित स्वयं अपनी बेगुनाही सिद्ध करने में वर्षों गंवा देता है। यह स्थिति केवल तकनीकी खामी नहीं, बल्कि जवाबदेही के संकट का भी प्रमाण है। पुलिस, साइबर प्रकोष्ठ और बैंकिंग तंत्र के बीच समन्वय का अभाव नागरिक अधिकारों पर सीधा आघात बन रहा है। खाता फ्रीज करने की प्रक्रिया तो त्वरित है, लेकिन उसकी समीक्षा, समय-सीमा और निस्तारण की कोई समान एवं प्रभावी व्यवस्था नहीं दिखती। सरकार यदि डिजिटल लेनदेन पर नागरिकों का भरोसा बनाए रखना चाहती है, तो उसे तत्काल ऐसी व्यवस्था करनी होगी जिसमें निर्दोष व्यक्ति अनिश्चितकाल तक आर्थिक बंदी न बना रहे। साइबर अपराध पर सख्ती आवश्यक है, पर न्याय का मूल सिद्धांत यह है कि अपराधी दंडित हो, पीड़ित नहीं। पिछले कई महीनों से वैश्विक आर्थिक परिदृश्य में जिस तरह की अस्थिरता छाई हुई है, उसमें अमूमन सभी देशों के सामने अपनी अर्थव्यवस्था को संतुलित और सकारात्मक रख पाना एक चुनौती बना हुआ है। खासतौर पर भारत जैसे विकासशील देशों के सामने मुश्किल यह खड़ी हो जाती है कि वे आयात और निर्यात की स्थिति के मुताबिक अपने व्यापार घाटे को कैसे नियंत्रित करते हैं।

नाबालिग से अवैध वसूली का प्रयास, विरोध करने पर मारपीट

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

भंवरकुआं थाना क्षेत्र में एक नाबालिग के साथ मारपीट और अवैध वसूली का मामला सामने आया है। नवलखा चौराहे के पास कुछ बदमाशों ने एक 16 वर्षीय किशोर को रोककर शराब पीने के लिए जबरन 1,000 रुपये की मांग की और विरोध करने पर उसके साथ बेरहमी से मारपीट की। पुलिस ने आरोपी और उसके साथियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है।

भंवरकुआं पुलिस के अनुसार, यह घटना न्यू आजाद नगर निवासी 16 वर्षीय नाबालिग की शिकायत पर दर्ज की गई है। पीड़ित नाबालिग ने पुलिस को बताया कि वह किसी काम से नवलखा चौराहे के पास मौजूद था। उसी दौरान अनुज चौहान निवासी रेसिडेंसी पानी की टंकी के पास अपने अन्य साथियों के साथ वहां आया। आरोपियों ने उसे घेर लिया और शराब पीने के लिए अवैध रूप से 1,000 रुपये की मांग करने लगे। जब नाबालिग ने पैसे देने से साफ इनकार किया और उन्हें गालियां देने से रोका, तो अनुज चौहान और उसके साथियों ने मिलकर उसके साथ हाथ-मुक्कों से जमकर मारपीट की।

सिगरेट के पैसों के लिए पीटा, मोबाइल भी तोड़ दिया

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

लसूड़िया थाना क्षेत्र में बॉम्बे हॉस्पिटल चौराहे के पास पैसों के लेन-देन और हिसाब को लेकर हुए विवाद में बदमाशों ने एक युवक के साथ जमकर मारपीट की। इतना ही नहीं, आरोपियों ने उसका मोबाइल भी पटककर तोड़ दिया। पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है। लसूड़िया पुलिस के अनुसार, यह घटना फरियादी विक्रम पिता बालचंद पुष्पद, निवासी रामकृष्ण बाग कॉलोनी की शिकायत पर दर्ज की गई है। पीड़ित विक्रम ने पुलिस को बताया कि वह बॉम्बे हॉस्पिटल चौराहे के पास मौजूद था, तभी वहां सचिन निवासी मालवीय नगर मिल गया। विक्रम ने उससे सिगरेट के पैकेट के पैसों का हिसाब करने को कहा और बकाया रुपए मांगे। इसी बात से गुस्सा होकर सचिन गालियां देने लगा। फरियादी द्वारा गालियां देने से मना करने पर आरोपी सचिन और उसके अन्य साथियों ने मिलकर विक्रम के साथ हाथ-मुक्कों और लात-घूंसों से बेरहमी से मारपीट की। आरोपियों ने उसे जमीन पर गिरा दिया और उसका रेडमी कंपनी का मोबाइल छीनकर नीचे पटक दिया, जिससे मोबाइल की स्क्रीन फूट गई और नुकसान हुआ।

टाटा का सुपरवाइजर ही निकला टॉय बैग चोर

लोडिंग गाड़ी में से की वारदात, पुलिस ने किया प्रकरण दर्ज

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

भंवरकुआं थाना क्षेत्र में एक कंपनी के गोदाम से धोखाधड़ी और चोरी का गंभीर मामला सामने आया है। गोदाम के सुपरवाइजर ने ही अपनी टाटा लोडिंग गाड़ी से लाखों रुपए के टॉय बैग चोरी कर लिए। पुलिस ने कंपनी प्रतिनिधि की शिकायत पर आरोपी सुपरवाइजर के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है। भंवरकुआं पुलिस के अनुसार, यह कार्रवाई फरियादी निखिल पिता विजय नागपाल, निवासी स्काय लग्जूरिया, निपानिया की रिपोर्ट पर की गई है। पीड़ित निखिल ने पुलिस को बताया कि उनकी कंपनी केन्डी टॉयन कॉरपोरेट प्राइवेट लिमिटेड का पालदा-मुंडला नायता क्षेत्र में गोदाम स्थित है। उनकी कंपनी में अभिषेक निवासी रामनगर, मूसाखेड़ी सुपरवाइजर के रूप में कार्यरत था। जांच में पता चला कि आरोपी सुपरवाइजर अभिषेक ने अपनी कंपनी के साथ विश्वासघात करते हुए गोदाम से टाटा लोडिंग गाड़ी क्रमांक एमपी 09 डीपी 5776 में भरकर करीब 20 टॉय बैग चोरी कर लिए और उन्हें चुपचाप वहां से ले भागा। जब कंपनी स्तर पर स्टॉक का मिलान किया गया, तब इस बड़े माल की चोरी का खुलासा हुआ।

साइबर फ्रॉड..बैंक खाते से उड़ाए 34 हजार

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। एमजी रोड थाना क्षेत्र में हॉस्टल में रहकर पढ़ाई करने वाले छात्र के बैंक खाते से शातिर साइबर अपराधियों ने सेंधमारी कर 34 हजार रुपए पार कर दिए। छात्र को इस धोखाधड़ी का पता तब चला जब उसने मोबाइल ऐप पर अपना अकाउंट बैलेंस चेक किया। पुलिस ने अज्ञात ठगों के खिलाफ मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।

एमजी रोड पुलिस के अनुसार, यह ऑनलाइन ठगी की घटना 12 नवंबर को हुई। फरियादी छात्र सिद्धेश पिता अभिमन्यु तारक देवरे, जो वर्तमान में चमन बाग चौराहा स्थित जेल रोड के आदित्य बॉयज हॉस्टल में रहते हैं, ने थाने में शिकायत दर्ज कराई है। फरियादी सिद्धेश ने पुलिस को बताया कि जब उसने अपने मोबाइल फोन में बैंक का YONO ऐप खोलकर चेक किया, तो उसके होश उड़ गए। खाते से 34,000 रुपए गायब थे और वह रकम किसी अज्ञात व्यक्ति के बैंक खाते में ट्रांसफर हो चुकी थी।

देशी पिस्टल के साथ बदमाश गिरफ्तार

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। खजराना पुलिस ने स्टार चौराहे के पास से एक संदिग्ध युवक को धर दबोचा, जिसकी तलाशी लेने पर उसके पास से एक अवैध देशी पिस्टल बरामद हुई। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर आर्म्स एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर लिया है।

खजराना पुलिस के अनुसार, पुलिस टीम क्षेत्र में गश्त और संदिग्धों की चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर पुलिस ने स्टार चौराहे के पास सर्विस रोड पर घेराबंदी की। पुलिस को देखकर वहां खड़े एक युवक ने भागने की कोशिश की, जिसे मुस्तैद टीम ने तुरंत दबोच लिया। पकड़े गए संदिग्ध युवक ने पूछताछ में अपना नाम नारायण मीणा निवासी स्टाफ क्वार्टर, मालवा मिल बताया। पुलिस ने जब उसकी तलाशी ली, तो उसके कब्जे से एक अवैध देशी पिस्टल बरामद हुई, जिसे वह बिना किसी वैध लाइसेंस के अपने पास रखे हुए था। खजराना थाना पुलिस ने आरोपी नारायण मीणा के विरुद्ध आर्म्स एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर लिया है। पुलिस अब आरोपी से यह पूछताछ कर रही है कि वह यह अवैध हथियार किससे और किस उद्देश्य से खरीदकर लाया था तथा शहर में इसका इस्तेमाल कहां किया जाना था।

घर में घुसकर मारपीट 2 लाख की रंगदारी मांगी

भाई से बातचीत बंद कराने की रंजिश में विवाद

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

हीरानगर थाना क्षेत्र में एक बदमाश द्वारा युवक के घर में घुसकर मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के साथ-साथ दो लाख रुपये की रंगदारी मांगने का मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है।

हीरानगर पुलिस के अनुसार, यह घटना फरियादी चिराग पिता सीताराम चौहान, निवासी सुखलिया, पंडित दीनदयाल उपाध्याय नगर की शिकायत पर दर्ज की गई है। पीड़ित चिराग ने पुलिस को बताया कि आरोपी प्रदीप जैन उर्फ बादल उसके घर में अचानक घुस आया और गालियां देने लगा। जब चिराग ने उसे बाहर चलकर बात करने को कहा, तो आरोपी ने घर के अंदर ही उसके साथ हाथ-मुक्कों और लात-घूंसों से मारपीट शुरू कर दी। इसके बाद जब चिराग उसे खींचकर घर के बाहर ले जाने लगा, तो आरोपी बाहर भी उसके साथ धक्का-मुक्की और मारपीट करता रहा। आरोपी प्रदीप, फरियादी के भाई मोहित का दोस्त है। मोहित ने आरोपी के साथ नशा करने की आदत के कारण उससे बातचीत बंद कर दी थी। इसी बात से खुन्नस खाकर आरोपी प्रदीप ने चिराग के साथ मारपीट की और धमकी दी कि तूने तेरे भाई मोहित से मेरी बातचीत क्यों बंद कराई है, वह मेरे साथ नशा करता था। इतना ही नहीं, आरोपी ने धमकाते हुए कहा कि मुझे तुरंत दो लाख रुपये दे।

10 हजार रु. दो तो ही लगेगी सब्जी की दुकान

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। द्वारकापुरी थाना क्षेत्र में अवैध वसूली, रंगदारी और मारपीट का एक मामला सामने आया है, जहां दो आरोपियों ने सब्जी की दुकान लगवाने के एवज में युवक से 10 हजार रुपए की अवैध मांग की और पैसे न देने पर उसके साथ मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है।

द्वारकापुरी पुलिस के अनुसार, यह कार्रवाई फरियादी राजू पिता रामभंवर साहू निवासी द्वारकापुरी की रिपोर्ट पर की गई है। पीड़ित राजू ने पुलिस को बताया कि घटना महावीर अस्पताल के सामने सब्जी मंडी मेन रोड पर हुई। वहां आरोपी टोनी उर्फ सुनील मराठा और पिंकी ने उससे संपर्क किया और सब्जी की दुकान लगाने के एवज में अवैध रूप से 10,000 रुपए की मांग करने लगे। जब फरियादी ने पैसे देने से इनकार किया, तो आरोपियों ने उसे गालियां दीं। विरोध करने पर आरोपी उसके साथ हाथ-मुक्कों से मारपीट करने लगे और भविष्य में जान से खत्म करने की धमकी दी।

सोना-चांदी के आज के भाव



गोल्ड कैश	एमसीएक्स
139200	135800
सिल्वर कैश	**एमसीएक्स**
173800	170800

फिजिकल भाव 1 बजे ओपन होता है

▪ निर्मल वर्मा घुंघरू

व्यापारिक क्षेत्रों में सुरक्षा, सहजता और विश्वास का वातावरण बनाए पुलिस प्रशासन

असामाजिक तत्वों, नशाखोरी और यातायात बाधित करने वालों पर हो सख्ती; महिला ग्राहकों की निर्भीक आवाजाही बने प्राथमिकता

(इंदौर सिटी ब्लास्ट, अक्षय जैन)। किसी भी शहर के व्यापारिक क्षेत्र केवल खरीदारी और कारोबार के केंद्र नहीं होते, बल्कि शहर की आर्थिक गतिविधियों, सामाजिक मेलजोल और सार्वजनिक जीवन की पहचान भी होते हैं। ऐसे में इन क्षेत्रों में सुरक्षा, सहजता और परस्पर विश्वास का वातावरण बनाए रखना पुलिस प्रशासन की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। व्यापारिक क्षेत्रों में पुलिस की मौजूदगी केवल अपराध होने के बाद कार्रवाई तक सीमित नहीं रहनी चाहिए, बल्कि ऐसी प्रभावी व्यवस्था होनी चाहिए, जिससे अपराध और अव्यवस्था की आशंका ही पनपने न पाए।

राजवाड़ा, सराफा, सीतलामाता बाजार, कपड़ा बाजार, बर्तन बाजार, खजूरी बाजार और शहर के अन्य प्रमुख व्यावसायिक क्षेत्रों में प्रतिदिन हजारों व्यापारी, ग्राहक और बाहर से आने वाले नागरिक आवाजाही करते हैं। इनमें बड़ी संख्या महिलाओं और परिवारों की भी होती है। बाजारों में आने वाली महिलाओं को किसी तरह की असहजता, अभद्र व्यवहार, पीछा करने, छींटाकशी अथवा असामाजिक तत्वों की गतिविधियों का सामना न करना पड़े, यह सुनिश्चित करना आवश्यक है। महिला ग्राहक जब निर्भीक होकर बाजार में खरीदारी कर सकेंगी, तभी बाजार की वास्तविक रौनक और ग्राहकों का विश्वास कायम रहेगा।

नशाखोरी और असामाजिक गतिविधियों पर प्रभावी निगरानी जरूरी– व्यापारिक क्षेत्रों में नशे की हालत में घूमने वाले व्यक्तियों, संदिग्ध गतिविधियों में लिप्त लोगों, जेबकतरी, छेड़छाड़, अवैध वसूली और व्यापारियों अथवा ग्राहकों को परेशान करने वाले तत्वों पर सतत निगरानी होनी चाहिए। केवल औपचारिक गश्त के बजाय संवेदनशील स्थानों पर नियमित पुलिस पेट्रोलिंग, सादे कपड़ों में निगरानी और सीसीटीवी नेटवर्क का बेहतर उपयोग किया जाए। सुरक्षा व्यवस्था को भेदने वाले तत्वों के प्रति किसी तरह की ढिलाई नहीं होनी चाहिए।

यातायात और बाजार की सहज आवाजाही भी सुरक्षा का हिस्सा- व्यापारिक क्षेत्रों में यातायात अवरुद्ध करना, दुकानों के सामने अनधिकृत वाहन खड़े करना, रास्तों पर सामान फैलाना और अनियंत्रित पार्किंग जैसी समस्याएं ग्राहकों के साथ व्यापारियों के लिए भी परेशानी का कारण बनती हैं। विशेषकर त्योहारों और भीड़भाड़ वाले दिनों में यह स्थिति आपातकालीन सेवाओं के लिए भी चुनौती बन सकती है। यातायात पुलिस को ऐसे स्थानों की पहचान कर व्यवस्थित पार्किंग, नो-पार्किंग क्षेत्रों का प्रभावी पालन और पैदल यात्रियों के लिए निर्बाध रास्ते सुनिश्चित करने चाहिए।

पुलिस और व्यापारियों के बीच संवाद बने स्थायी व्यवस्था- सुरक्षा का बेहतर मॉडल तभी विकसित हो सकता है, जब पुलिस प्रशासन और व्यापारिक संगठनों के बीच नियमित संवाद हो। बाजारवार पुलिस-व्यापारी समन्वय समितियां बनाई जाएं। प्रत्येक प्रमुख बाजार में सुरक्षा संबंधी समस्याओं के लिए जिम्मेदार पुलिस अधिकारी निर्धारित हों और व्यापारियों को सीधे संपर्क की सुविधा मिले। किसी घटना अथवा शिकायत पर त्वरित सुनवाई और निष्पक्ष कार्रवाई से ही पुलिस के प्रति विश्वास मजबूत होगा। हालांकि, सुरक्षा व्यवस्था के नाम पर सामान्य व्यापारिक गतिविधियों और ग्राहकों की आवाजाही बाधित नहीं होनी चाहिए। पुलिस की भूमिका ऐसी हो, जिसमें कानून का अनुशासन भी बना रहे और व्यापारियों को अनावश्यक दबाव अथवा असहजता का सामना भी न करना पड़े।

सुरक्षित बाजार ही समृद्ध बाजार की पहचान- इंदौर की व्यापारिक पहचान उसकी परंपरा, विश्वसनीयता और ग्राहकों के साथ बने वर्षों पुराने संबंधों से है। इस पहचान को संरक्षित रखने के लिए पुलिस प्रशासन, नगर निगम, यातायात विभाग और व्यापारिक संगठनों को साझा जिम्मेदारी निभानी होगी। आवश्यकता पुलिस की केवल अधिक मौजूदगी की नहीं, बल्कि संवेदनशील, जवाबदेह और प्रभावी पुलिसिंग की है। बाजार में अपराधी को कानून का भय हो, व्यापारी को सम्मान और सुरक्षा का भरोसा मिले तथा महिला ग्राहक और परिवार बिना किसी आशंका के खरीदारी कर सकें। यही वह व्यवस्था है, जो व्यापारिक क्षेत्रों में सुरक्षा, सहजता और परस्पर विश्वास के वातावरण को स्थायी रूप से मजबूत कर सकती है।

11 हजार 500 करोड़ रुपए से विकसित हो रही है स्वतंत्र पंप्ड हाइड्रो स्टोरेज परियोजना

मीडिया कर्मियों को जनसम्पर्क विभाग ने करवाया अवलोकन



इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। नीमच जिले की रामपुरा तहसील के खेमला ब्लॉक में विकसित की जा रही 1,920 मेगावाट क्षमता की गांधीसागर पंप्ड हाइड्रो स्टोरेज परियोजना की निर्माणाधीन साइट पर कल मीडिया भ्रमण कार्यक्रम आयोजित किया गया। ग्रीनको एमपी 01 आईआरईपी प्राइवेट लिमिटेड द्वारा विकसित की जा रही इस महत्वाकांक्षी परियोजना का इंदौर जिले के प्रिंट,इलेक्ट्रॉनिक एवं डिजिटल मीडिया प्रतिनिधियों तथा मीडिया इन्फ्लुएंसर्स ने भ्रमण कर प्रत्यक्ष अवलोकन किया।

कार्यक्रम में कंपनी के एसोसिएट वाइस प्रेसिडेंट स्वपन मोहंती द्वारा प्रेजेंटेशन के माध्यम से परियोजना की परिकल्पना, निर्माण की प्रगति, तकनीकी विशेषताओं एवं ऊर्जा भंडारण की कार्यप्रणाली की विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही परियोजना स्थल पर लागू सुरक्षा मानकों एवं आवश्यक सावधानियों से भी अवगत कराया गया। लगभग 11,500 करोड़ रुपये के निवेश से विकसित की जा रही यह परियोजना भारत की सबसे बड़ी निर्माणाधीन स्वतंत्र पंप्ड हाइड्रो स्टोरेज परियोजना है। इसकी स्थापित क्षमता 1,920 मेगावाट है। यह परियोजना अधिकतम 6 घंटे तक निरंतर विद्युत उपलब्ध कराने में सक्षम होगी। विशेष रूप से पीक आवर्स में बिजली की बढ़ती मांग को पूरा करने तथा नवीकरणीय ऊर्जा की उपलब्धता में होने वाले उतार-चढ़ाव को संतुलित करने में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी। परियोजना में गांधीसागर जलाशय के जल का नॉन-कंजम्प्टिव आधार पर पुनः उपयोग किया जाएगा, जिससे जल की खपत नहीं होगी। निर्माण कार्यों के दौरान अब तक लगभग 4 हजार लोगों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए गए हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित एवं आत्मनिर्भर के संकल्प और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की इच्छा शक्ति अनुसार सरकार द्वारा नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में किए जा रहे निरंतर प्रयासों, अनुकूल नीतियों एवं निवेश को प्रोत्साहित करने वाली व्यवस्थाओं से प्रदेश में ऊर्जा क्षेत्र की महत्वाकांक्षी परियोजनाओं को गति मिली है। समन्वय अधिकारी अमित सोनी भी मौजूद थे।

सदाबहार नगमे की होगी प्रस्तुति

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। संस्था आर्केस्ट्रा नाइट्स द्वारा प्रीतमलाल दुआ सभागृह में 21 नवंबर को शाम 6 बजे से नगमो की प्रस्तुति कार्यक्रम आयोजित होगा। अनिल भवाकर, प्रियंका दुबे, संदीप मिश्रा, अजय गायकवाड़, पंकज बाजपेयी, मोहन देव और अभय तिवारी प्रस्तुति देंगे। संचालन गोविंद दुबे का होगा।

इन्दौर नगर पालिक निगम
जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि **आरती पिता श्री रवीन्द्र यादव** द्वारा वार्ड 30 झोन क्र 08 राजस्व विभाग में पता-204 महेश बाग इन्दौर पर आवेदन कर पिन नं. 1004374579 रजिस्टर्ड विक्रय पत्र प्रस्तुत कर नामांतरण चाहा है।

इस जाहिर सूचना प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस की अवधि में किसी भी व्यक्ति, बैंक, संस्था व अन्य को उक्त सम्पत्ति के नामांतरण पर आपत्ति हो तो झोन क्र.08 राजस्व विभाग में प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। अवधि पश्चात व बिना लेखी प्रमाण प्रस्तुत आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी।

प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी
झोन क्रं. 08
नगर पालिक निगम इन्दौर

इन्दौर नगर पालिक निगम
मां हरसिद्धी झोन क्र.-12

जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक **अंगूरीबाई पति कैलाश नारायण** 112 क़टकटपुरा इंदौर द्वारा झोन 12 राजस्व विभाग पर आवेदन के साथ रजिस्ट्री/ वसीयतनामा/वारिसनाते शपथ पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, लिंक दस्तावेज प्रस्तुत कर सम्पत्तिकर सर्विस पिन नं. 1001122562 पता 8/3 मुराई मोहल्ला इंदौर पर नामांतरण चाहा गया है।

यह सूचना प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस की अवधि में किसी भी व्यक्ति, बैंक, संस्था व अन्य को उक्त सम्पत्ति पर आपत्ति हो तो झोन क्र.12 राजस्व विभाग में प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है।

अवधि पश्चात व बिना लेखी प्रमाण प्रस्तुत आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी।

प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी
झोन क्र.-12
नगर पालिक निगम इन्दौर

इन्दौर नगर पालिक निगम
मां हरसिद्धी झोन क्र.-12

जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक **श्रीमती बरखादेवी पति मुरलीलाल करीरा** द्वारा झोन 12 राजस्व विभाग पर आवेदन के साथ रजिस्ट्री/ वसीयतनामा/वारिसनाते शपथ पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, लिंक दस्तावेज प्रस्तुत कर सम्पत्तिकर सर्विस पिन नं. 1001157357 पता 8 रुपराम कालोनी फ्लेट नं. 304 विशाल रेसीडेंसी इंदौर पर नामांतरण चाहा गया है।

यह सूचना प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस की अवधि में किसी भी व्यक्ति, बैंक, संस्था व अन्य को उक्त सम्पत्ति पर आपत्ति हो तो झोन क्र.12 राजस्व विभाग में प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है।

अवधि पश्चात व बिना लेखी प्रमाण प्रस्तुत आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी।

प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी
झोन क्र.-12
नगर पालिक निगम इन्दौर

इन्दौर नगर पालिक निगम
मां हरसिद्धी झोन क्र.-12

जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक **संगीता क्षत्रिय एवं मुकेश खस** द्वारा झोन 12 राजस्व विभाग पर आवेदन के साथ रजिस्ट्री/ वसीयतनामा/वारिसनाते शपथ पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र लिंक दस्तावेज प्रस्तुत कर सम्पत्तिकर सर्विस पिन नं. 1001148729 पता 195 भंवरकुआ फ्लेट क्र. 405 अर्चना एवेन्यु इंदौर पर नामांतरण चाहा गया है।

यह सूचना प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस की अवधि में किसी भी व्यक्ति, बैंक, संस्था व अन्य को उक्त सम्पत्ति पर आपत्ति हो तो झोन क्र.12 राजस्व विभाग में प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है।

अवधि पश्चात व बिना लेखी प्रमाण प्रस्तुत आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी।

प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी
झोन क्र.-12
नगर पालिक निगम इन्दौर

कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग वि./ यां. संभाग, (ओल्ड पलासिया) इंदौर

E-mail ID:- eepwdelecind@mp.nic.in निविदा आमंत्रण सूचना कमांक 58/व.ले.लि./वि./या./2026-27 इन्दौर दिनांक 12.11.26

निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

स.क्र.	टेण्डर नं	कार्य का नाम	जिला	ठेके की अनुमानित राशि (लाख में)	अमानत राशि (रू)	निविदा प्रपत्र की राशि	ठेकेदार की श्रेणी	कार्य पूर्ण करने की निर्धारित अवधि
1.	2	3	4	5	6	7	8	9
	2026_PWDRB _549035	जिला झाबुआ अंतर्गत तेहसील कोर्ट थांदला एवं तहसील कोर्ट पेटलावद में MPHC-IVSS एवं क्लास प्रोजेक्ट हेतु विद्युतीकरण का कार्य।	इंदौर	15.79	31,600/	2,000/-	केन्द्रीयकृत पी डब्ल्यू डी विद्युत पंजीकरण	2. माह वर्षाकाल सहित
2.	2026 PWDRB 549036	एम.टी.एच. अस्पताल इंदौर के 26 पैसेंजर 4 नग लिफ्ट का 3 वर्ष का मरम्मत व रखरखाव का कार्य।	इंदौर	10.75	21,500/-	2,000/-	तदैव	36 माह वर्षाकाल सहित
		कुल राशि रू.		**6.26.54**				

1. उपरोक्त वेबसाईट पर ऑनलाईन पेमेंट करने के पश्चात बिड डॉक्यूमेंट क्रय किया जा सकता है।
2. बिड प्रस्तुत करते समय बिड प्रस्तुतकर्ता को निम्नलिखित दस्तावेज प्रस्तुत करना आवश्यक है। 1. बिड डॉक्यूमेंट की खरीदी का प्रमाण, 2 अरनेस्ट मनी जमा करने का प्रमाण, 3. चेक लिस्ट, 4. एफिडेविट आदि अन्य विस्तृत जानकारी बिड डाटा शीट में देखी जा सकती है।
3. निविदा प्रपत्र ऑनलाईन क्रय करने की तिथि दिनांक 14.11.26 सुबह 1030 से दिनांक 23.11.26 सांय 17:30 बजे तक निर्धारित है।
4. निविदा में किसी भी प्रकार का संशोधन पेपर पब्लिकेशन में नहीं किया जाकर सिर्फ वेबसाईट पर ही किया जायेगा।

कार्यपालन यंत्री लो.नि.वि.
वि/यां संगम, इंदौर

G-21530/26

अंडर-19 एशिया कप 2026 के फाइनल मैच

भारत लौटने पर पाक के सामने जीत का जश्न मनाने की वजह बताई

नई दिल्ली। अंडर-19 एशिया कप 2026 के फाइनल मैच में पाकिस्तान को हराने के बाद भारतीय खिलाड़ियों ने आक्रामक अंदाज में जश्न मनाया था। युवा क्रिकेटर रजत बघले पाकिस्तानी खिलाड़ियों के सामने जश्न मनाने में सबसे आगे थे। अब भारत लौटने पर उन्होंने इसकी वजह भी बताई है। एयरपोर्ट पर मीडिया से बातचीत के दौरान उन्होंने कहा कि लीग मैच के दौरान पाकिस्तान ने जीत हासिल की थी और इसी तरीके से जश्न मनाया था। ऐसे में फाइनल जीतने के बाद भारतीय खिलाड़ियों ने मुंहतोड़ जवाब दिया।

फाइनल में हुआ था बवाल

***पाकिस्तान** के खिलाफ फाइनल मैच में आखिरी गेंद पर जीत हासिल करने के बाद भारतीय खिलाड़ियों ने मैदान पर जमकर जश्न मनाया। कुछ खिलाड़ियों को पाकिस्तान के विकेटकीपर हमजा जहूर के सामने आक्रामक अंदाज में चिल्लाते और इशारे करते देखा गया। कुछ वीडियो में पाकिस्तानी ड्रेसिंग रूम की तरफ भी आपत्तिजनक इशारे किए जाने की बात सामने आई। भारतीय टीम के सपोर्ट स्टाफ को खिलाड़ियों को शांत कराने के लिए बीच में आना पड़ा। इन वीडियो के वायरल होने के बाद सोशल मीडिया पर भारतीय टीम की खेल भावना को लेकर सवाल उठने लगे।*



रजत ने कहा कि इससे पहले लीग मैच में दिवाली वाले दिन भारत को पाकिस्तान के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा था। इसके बाद पाकिस्तानी खिलाड़ियों ने भारतीय खिलाड़ियों के सामने आक्रामक अंदाज में जश्न मनाया था। शायद यह नजारा टीवी पर नहीं दिखाया गया था। हार के बाद पाकिस्तानी खिलाड़ियों के चिढ़ाने वाले जश्न ने भारतीय खिलाड़ियों की दिवाली खराब कर दी थी। ऐसे में फाइनल जीतने के बाद टीम इंडिया के युवा लड़ाकों ने सब सूद समेट लौटा दिया। रजत बघेल ने इस जीत का श्रेय सपोर्ट स्टाफ और बीसीसीआई को दिया। उन्होंने कहा कि बीसीसीआई जूनियर खिलाड़ियों के लिए कई प्रोग्राम चला रही है, जिससे युवा क्रिकेटरों को अपना करियर बनाने और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान हासिल करने में मदद मिलती है। इसी का नतीजा है कि टीम इंडिया एक बार फिर अंडर-19 एशिया कप जीतने में सफल रही है।

रजत बघेल राजस्थान के उभरते हुए विकेटकीपर-बल्लेबाज हैं, जिन्हें घरेलू क्रिकेट में शानदार प्रदर्शन के दम पर भारतीय अंडर-19 टीम में जगह मिली है। 8 दिसंबर 2008 को जन्मे रजत दाएं हाथ के बल्लेबाज हैं और विकेटकीपिंग भी करते हैं। उन्होंने राजस्थान की जूनियर टीम के लिए बीसीसीआई के एज ग्रुप टूर्नामेंट में अच्छा प्रदर्शन किया, जिसके बाद जून 2026 में उन्हें भारत की अंडर-19 टीम के श्रीलंका दौरे के लिए चुना गया। इसके बाद अगस्त 2026 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे सीरीज के लिए भी उनका चयन हुआ। वह इस टीम में विकेटकीपर के रूप में शामिल किए गए।



डेब्यू मैच में सबसे अहम विकेट लेकर भारत को दिलाई जीत अनचाहा रिकॉर्ड बना गए यश

माउंट मांउंगनुई। भारत और न्यूजीलैंड के बीच वनडे सीरीज के पांचवें और आखिरी मैच में भारतीय तेज गेंदबाज यश ठाकुर ने डेब्यू किया। उन्होंने इस मुकाबले में मैच के नजरिए से सबसे अहम विकेट लेकर टीम इंडिया की जीत में योगदान दिया, लेकिन इससे पहले ही वह एक अनचाहा रिकॉर्ड अपने नाम कर चुके थे। बल्लेबाजी में उनका डेब्यू निराशाजनक रहा। अपने करियर का पहला वनडे खेल रहे यश बिना खाता खोले पवेलियन लौट गए। इसके साथ ही उनके नाम एक ऐसा रिकॉर्ड दर्ज हो गया, जिसमें भारतीय क्रिकेट के दिग्गज सचिन तेंदुलकर और एमएस धोनी जैसे खिलाड़ियों के नाम भी शामिल हैं।

यश ठाकुर न्यूजीलैंड के खिलाफ पांचवें और आखिरी वनडे में नंबर-9 पर बल्लेबाजी करने उतरे थे। हालांकि, उनकी पारी ज्यादा देर नहीं चली। वह 4 गेंदों का सामना करने के बाद बिना कोई रन बनाए आउट हो गए। इस तरह यश वनडे डेब्यू पर शून्य पर आउट होने वाले 18वें भारतीय खिलाड़ी बन गए। यश ठाकुर इससे पहले भारत के लिए 4 टी20 इंटरनेशनल मुकाबले खेल चुके थे। उन्होंने जुलाई 2026 में टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट में डेब्यू किया था।

सचिन और धोनी भी हो चुके हैं डेब्यू पर जीरो पर आउट

वनडे क्रिकेट में डेब्यू के दौरान शून्य पर आउट होने वाले भारतीय खिलाड़ियों की सूची में कई बड़े नाम शामिल हैं। मास्टर ब्लास्टर सचिन तेंदुलकर भी अपने वनडे करियर की पहली पारी में खाता नहीं खोल पाए थे। उन्होंने 1989 में पाकिस्तान के खिलाफ अपना वनडे डेब्यू किया था। वहीं, पूर्व भारतीय कप्तान एमएस धोनी के साथ भी ऐसा ही हुआ था। धोनी ने साल 2004 में बांग्लादेश के खिलाफ वनडे क्रिकेट में डेब्यू किया था और अपनी पहली पारी में बिना खाता खोले आउट हो गए थे।



पांच मैचों में एक भी शतक नहीं लगा पाए भारतीय बल्लेबाज

नई दिल्ली । भारत और न्यूजीलैंड के बीच खेली गई पांच मैचों की रोमांचक वनडे सीरीज का समापन हो गया है। रविवार को खेले गए पांचवें और आखिरी मुकाबले में टीम इंडिया ने 22 रनों से जीत दर्ज कर सीरीज पर 3-1 से कब्जा जमा लिया। इस ऐतिहासिक जीत के साथ भारत ने न्यूजीलैंड की अपने घर पर पिछले 7 साल से चली आ रही अजेय स्ट्रीक को भी ध्वस्त कर दिया। हालांकि, भारत की इस शानदार जीत के बावजूद पूरी सीरीज के दौरान बल्लेबाज रनों के लिए तरसते नजर आए।

पिच और परिस्थितियों का फायदा उठाते हुए गेंदबाजों ने पूरे दौरे पर अपना दबदबा बनाए रखा, जिसके चलते कोई भी बल्लेबाज निरंतर बड़ा स्कोर नहीं खड़ा कर सका। खासतौर पर रोहित शर्मा और विराट कोहली जैसे दिग्गज भारतीय बल्लेबाजों का बल्ला शांत रहा। आलम यह रहा कि पूरी सीरीज में केवल दो ही बल्लेबाज कुल 100 रनों का आंकड़ा पार करने में सफल हो पाए।

टॉप-2 पर न्यूजीलैंड का कब्जा, विल यंग और टिम सीफर्ट ने पार किया 100 का आंकड़ा-पूरी सीरीज में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाजों की सूची में पहले दो स्थानों पर मेजबान न्यूजीलैंड के खिलाड़ियों का कब्जा रहा। कीवी बल्लेबाज विल यंग सीरीज के टॉप स्कोरर रहे। उन्होंने 40.50 की औसत से कुल 162 रन बनाए। शुरुआती दो मुकाबलों में शांत रहने के बाद यंग ने चौथे वनडे में 125 रनों की शानदार शतकीय पारी खेलकर फॉर्म में वापसी की, जो पूरी सीरीज का एकमात्र शतक भी रहा। इसके बाद आखिरी मुकाबले में भी उन्होंने 22 रनों का योगदान दिया। इस सूची में दूसरे स्थान पर न्यूजीलैंड के विकेटकीपर-बल्लेबाज टिम सीफर्ट (Tim Seifert) रहे।

पश्चिम रेल्वे रतलाम एवं शेष मध्यप्रदेश ने जीता खिताब

इंदौर। नेशनल बास्केटबॉल एकेडमी, इन्दौर के बास्केटबॉल काम्पलेक्स में म.प्र. बास्केटबॉल संघ के तत्वाधान में कार्पोरेशन एरिया बास्केटबॉल ट्रस्ट, इन्दौर व्दारा आयोजित भूपेन्द्र बण्डी स्मृति सिनीयर राज्य बॉस्केटबॉल प्रतियोगिता (महिला पुरुष) में फाइनल मुकाबले खेले गए। महिला वर्ग के राउंड रॉबिन का अन्तिम मुकाबला के आई टी एम ग्वालियर एंव शेष मध्यप्रदेश के मध्य खेला गया। जिसमें शेष मध्यप्रदेश की टीम ने एकतरफा मुकाबले में आई टी एम को 50 अंकों से (82-32) हराकर अपनी श्रेष्ठता सिद्ध करते हुए खिताबी जीत हासिल की । विजेता टीम की ओर से खुशी पाल ने 9 थी पाईट थो के 39 अंक बनाए । पुरुष वर्ग के फाइनल में सशक्त पश्चिम रेल्वे रतलाम ने मध्यान्तर तक कडे संघर्ष के बाद उज्जैन कार्पोरेशन को 73-57 से पराजित कर राज्य विजेता होने का गौरव प्राप्त किया। विजेता टीम की ओर से अजय कुमार एंव मोहित ने 11-11 एंव कप्तान सूर्यकुमार ने 13 अंक बनाये, उपविजेता टीम की ओर से अनमोल ने एकाकी प्रयास करते हुये 16 अंक बनाए।



प्रतियोगिता के फाइनल मैच के मुख्य अतिथि रामेश्वर सिंह यादव पुलिस अधीक्षक ई ओ डब्ल्यु ने विजेता और उपविजेता टीमों के खिलाडियों से परिचय प्राप्त कर शुभकामनाएं दी एंव को पुरस्कार वितरित कर किये। अतिथि का स्वागत कुलविन्दर सिंह गिल, अविनाश आनन्द, प्रो. एस के बण्डी, लक्ष्मीकान्त पटेल, सुनिल हार्डिया, कुलदीप हार्डिया, अजय खेर ने किया।

फिडे रेटिंग रैपिड शतरंज टूर्नामेंट का आयोजन

इंदौर। शहर के राजेंद्र नगर स्थित इंदौर पब्लिक स्कूल में डॉ. अजीत कासलीवाल मेमोरियल ऑल इंडिया ओपन फिडे रेटिंग रैपिड शतरंज टूर्नामेंट का भव्य आयोजन किया जा रहा है। ऑल इंदौर चेस एसोसिएशन और संजय अजीत कासलीवाल मेमोरियल चेस एकेडमी के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में देश भर से 370 खिलाड़ियों ने भाग ले रहे है। स्पर्धा के विजेताओं को 1,50,000 की कुल इनामी राशि दी जाएगी। प्रतियोगिता में 240 ऐसे नए खिलाड़ी भाग ले रहे हैं, जिनका लक्ष्य दिग्गजों के खिलाफ बेहतर प्रदर्शन कर अपनी पहली आधिकारिक फिडे रेटिंग हासिल करना है। इस स्पर्धा का विधिवत उद्घाटन डॉक्टर सीमा अलावा एडिशनल डिप्टी कमिश्नर आफ पुलिस व एस.के. खम्परिया द्वारा शतरंज की चाल चलकर किया।



सोमांश, पवित्र एवं लाभांश के उम्दा प्रदर्शन से देव्ज एकेडमी की विराट जीत

इंदौर। एमपीसीए द्वारा प्रायोजित एवं आईडीसीए द्वारा आयोजित एमपीसीए अंडर-15 क्रिकेट स्पर्धा के अंतर्गत देव्ज एकेडमी एवं एमकेसीसी के मध्य मैच खेला गया जिसमें देव्ज एकेडमी ने पहले खेलते हुए अपनी पहली पारी में 79 ओवरो में सभी विकेट खोकर 314 रनों का विशाल स्कोर खडा किया । पवित्र पाटील ने 89 रन, सोमांश शर्मा ने शानदीर 116 रनों का योगदान दिया। प्रथम गोफने ने 4 विकेट लिये। जवाब में एमेसीसी ने अपनी पहली पारी में 55 ओवरो में सभी विकेट खोकर 103 रन बनाये इस तरह देव्ज एकेडमी केा 211 रनों की महत्वपूर्ण बढत प्रापत हुई।



शोएब अंसारी व अरहम अंसारी का हॉकी टीम में चयन

इंदौर। 16 से 20 नवंबर तक हैदराबाद में आयोजित अखिल भारतीय खाद्य निगम (एफ, सी ,आई) वेस्ट जोन हॉकी टीम के लिए चयन ट्रायल्स आयोजित की गई थी। चयन ट्रायल्स में ताहिर हॉकी ट्रेनिंग सेंटर इंदौर के राष्ट्रीय खिलाडी मो शोएब अंसारी (वर्तमान में कार्यरत) व अरहम अंसारी का भारतीय खाद्य निगम वेस्ट जोन हॉकी टीम (स्टाइपेंट) पर चयन हुआ । मो शोएब व अरहम के हॉकी कोच मो याकुब अंसारी व डा ए के दास के मार्गदर्शन मे हॉकी खेलना सीखी दोनो उनके प्रमुख कोच है । शोएब व अरहम के चयन पर हॉकी इंदौर एसोसिएशन के अध्यक्ष व विधायक रमेश मेंदौला ने हर्ष व्यक्त करते बधाई दी ।





एमडी ड्रग्स के साथ तस्कर गिरफ्तार

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। चंदन नगर पुलिस ने धार रोड स्थित एक सुनसान खंडहर से एक शातिर तस्कर को दबोचा है, जिसके कब्जे से लाखों रुपए कीमत की एमडी ड्रग्स बरामद की गई है।

चंदन नगर पुलिस के अनुसार, मुखबिर से मिली खास सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने कलारिया धार रोड स्थित प्लेथिको कंपनी के पास बने एक खंडहरनुमा कमरे पर घेराबंदी की। पुलिस को देखकर वहां मौजूद एक संदिग्ध युवक ने भागने का प्रयास किया, जिसे मुस्तैद टीम ने तत्परता दिखाते हुए दबोच लिया। पकड़े गए आरोपी ने पूछताछ में अपना नाम शकील पिता बाबू खान, निवासी काली पुलिया के पास, आजाद नगर बताया। पुलिस ने जब आरोपी की जामा तलाशी ली, तो उसके कब्जे से कुल 22.42 ग्राम अवैध मादक पदार्थ एमडी ड्रग्स जब्त की गई। अंतरराष्ट्रीय और स्थानीय बाजार में इस जब्तशुदा ड्रग्स की कीमत लगभग 2,20,000 रुपए आंकी गई है। चंदन नगर थाना पुलिस ने आरोपी शकील के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट की गंभीर धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज कर लिया है।

खंडहरनुमा कमरे से 2.20 लाख रुपए की अवैध सामग्री जब्त

गांजे के साथ तस्कर पकड़ाया

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। तेजाजी नगर पुलिस ने सेज कॉलेज ब्रिज के पास सर्विस रोड पर दबिश देकर एक आरोपी को गिरफ्तार किया, जिसके कब्जे से भारी मात्रा में अवैध गांजा बरामद किया गया है। तेजाजी नगर पुलिस के अनुसार, मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने सेज कॉलेज ब्रिज के पास सर्विस रोड पर घेराबंदी की। इस दौरान संदिग्ध अवस्था में घूम रहे एक युवक को पकड़ा गया। पूछताछ में उसने अपना नाम भरत पिता सबिर सेनानी, निवासी ग्राम उमरिया, जिला बड़वानी बताया। पुलिस ने जब आरोपी भरत की तलाशी ली, तो उसके पास से कुल 1 किलो 703 ग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा जब्त किया गया। तेजाजी नगर थाना पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर लिया है। पुलिस अब आरोपी से यह पूछताछ कर रही है कि वह यह गांजा कहां से लेकर आया था और इसे इंदौर में किसे सप्लाई करने वाला था।

अवैध ड्रग्स के साथ तस्कर धराया

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। खजराना पुलिस ने स्कीम नंबर 134 इलाके से एक संदिग्ध तस्कर को दबोचा है, जिसके कब्जे से भारी मात्रा में अवैध ड्रग्स बरामद की गई है। पुलिस के अनुसार, मुखबिर तंत्र से मिली पुख्ता सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने स्कीम नंबर 134 पानी की टंकी के पास सर्विस रोड पर घेराबंदी की। पुलिस को देखकर वहां खड़े एक संदिग्ध युवक ने भागने का प्रयास किया, जिसे मुस्तैद टीम ने तत्परता दिखाते हुए दबोच लिया। पकड़े गए आरोपी ने पूछताछ में अपना नाम मो. समीर खान निवासी अमन नगर, खजराना बताया। पुलिस ने जब उसकी तलाशी ली, तो उसके कब्जे से कुल 12.6 ग्राम अवैध ड्रग्स जब्त की गई।

बारात में नोट लूटने की होड़ के दौरान युवक की संदिग्ध मौत

परिजनों की शिकायत नहीं, पुलिस ने कराया पोस्टमार्टम

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

खजराना थाना क्षेत्र से एक दर्दनाक और अजीबोगरीब मामला सामने आया है, जहां बारात में शामिल होने गए एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। शुरुआती जानकारी के अनुसार, बारात में उड़ाए जा रहे नोटों को लूटने के चक्कर में मची भगदड़ और भीड़ में दबने से युवक की जान जाने की बात कही जा रही है। हालांकि, परिजनों ने किसी तरह की शिकायत दर्ज नहीं कराई है। पुलिस ने पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर मौत का असल कारण स्पष्ट होने की बात कही है।

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, मृतक की पहचान आसिफ पिता अहमद (37) निवासी बडला, खजराना के रूप में हुई है। आसिफ एक शादी समारोह की बारात में शामिल होने गया था। सूत्रों के मुताबिक, बारात के दौरान आसमान में नोट उड़ाए जा रहे थे, जिन्हें लूटने के लिए अचानक लोगों की भारी भीड़ टूट पड़ी। इसी हड़बड़ी और खींचतान के बीच आसिफ भीड़ के नीचे दब गया, जिसके बाद उसकी हालत बिगड़ गई और मौत हो गई। खजराना थाना प्रभारी के.पी. यादव के अनुसार, घटना की सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने तुरंत मृतक के परिजनों से संपर्क किया। परिजनों ने इस मामले में फिलहाल किसी भी तरह की कोई शंका या शिकायत दर्ज कराने से मना कर दिया है।

100 के बाद निकली थी 500 की गड्डी

बताया जा रहा कि बारात में पहले 100 रुपये के नोट उड़ाए जा रहे थे जिसके बाद जैसे ही दुल्हे के परिजन ने 500 रुपये की गड्डी निकाली तो भगदड़ जैसी स्थिति निर्मित हो गई।

मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए और निष्पक्ष जांच व पुलिस की संतुष्टि के लिए मृतक के शव का पोस्टमार्टम करवाया गया है। थाना प्रभारी का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही यह साफ हो पाएगा कि आसिफ की मौत भीड़ में दबने व दम घुटने से हुई है या फिर उसे अचानक साइलेंट अटैक आया था। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

विवाहिता और इलेक्ट्रीशियन ने फांसी लगाकर जान दी

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

बाणगंगा और लसूड़िया थाना क्षेत्रों में आत्महत्या के दो अलग-अलग मामले सामने आए हैं, जहां एक विवाहिता और एक इलेक्ट्रीशियन ने अज्ञात कारणों के चलते फंदे पर लटककर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। पुलिस ने दोनों मामलों में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।



पति नींद से जागा तो फंदे पर लटकी मिली

बाणगंगा थाना क्षेत्र के नंदबाग में रहने वाली किरण पति रामनारायण (32) ने अपने घर में फांसी लगा ली। मृतका का मायका भी पास ही में है और उनके पति पेशे से ड्राइवर हैं। परिजनों ने बताया कि रात को परिवार के सभी सदस्यों से सामान्य बातचीत करने के बाद वे सोने चले गए थे। रात करीब 2 बजे जब पति की नींद खुली, तो उन्होंने किरण को फंदे पर लटका पाया। परिजन तुरंत उसे अस्पताल लेकर पहुंचे, जहाँ डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। महिला ने यह आत्मघाती कदम किन कारणों से उठाया, फिलहाल इसका खुलासा नहीं हो पाया है। पुलिस मामले की गहराई से जांच कर रही है।

दूसरी घटना लसूड़िया थाना क्षेत्र की है, जहां निखिलेश पिता नंदकिशोर (36) निवासी स्कीम 78 ने अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगा ली। मृतक पेशे से इलेक्ट्रीशियन का काम करता था। घटना की जानकारी मिलते ही उसे तुरंत अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। लसूड़िया पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया है और आत्महत्या के असल कारणों का पता लगाने के लिए परिजनों के बयान दर्ज किए जा रहे हैं।

भाईदूज में पहुंचे रिटायर्ड सैन्यकर्मी की कुर्सी पर बैठे-बैठे मौत

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। तेजाजी नगर थाना क्षेत्र के मोरोद में एक बेहद दुखद मामला सामने आया है, जहां भाईदूज में शामिल होने आए आर्मी के सेवानिवृत्त कर्मचारी की अचानक तबीयत बिगड़ने से मौत हो गई। आशंका जताई जा रही है कि उनकी मौत साइलेंट हार्ट अटैक के कारण हुई है। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।



साइलेंट अटैक की आशंका

मृतक रतन लाल पिता पालटूलाल (62) निवासी अहमद नगर, महाराष्ट्र, सेना से सेवानिवृत्त थे। वे इंदौर के मोरोद इलाके में अपने समाज के एक भाईदूज कार्यक्रम में भाग लेने के लिए आए थे। कार्यक्रम के दौरान वे पंडाल में कुर्सी पर बैठे हुए थे, तभी अचानक वे नीचे गिर पड़े। वहां मौजूद लोगों ने तुरंत उनकी हालत देखी और बिना देर किए उन्हें नजदीकी अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने परीक्षण के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। डॉक्टरों के मुताबिक प्राथमिक रूप से मौत की वजह साइलेंट अटैक होना प्रतीत हो रही है।

दिलजीत की दीवानगी...ब्रिज पर सीढ़ी लेकर खड़ा हो गया युवक

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

प्रसिद्ध गायक दिलजीत दौसांझ का कल इन्दौर में शो आयोजित किया गया। शो को लेकर लोगों की दीवानगी चरम पर थी। सी-21 स्थित मैदान पर आयोजित यह कार्यक्रम बायपास ब्रिज से भी नजर आ रहा था। एक युवक सीढ़ी लेकर ब्रिज पर खडा हो गया।

पिछली बार जब दिलजीत का शो यहां आयोजित हुआ था तो स्टेज का मुंह ब्रिज से विपरित दिशा में रखा गया था। इस बार आयोजकों ने ब्रिज की ओर स्टेज का मुंह रखा था। ऐसे में पुलिस को भी पता था कि ब्रिज पर भीड़ हो जाएगी इसलिए शाम से ही पुलिसबल ब्रिज पर तैनात था, ब्रिज पर जाम नहीं लगे इसलिए पुलिस किसी को भी ब्रिज पर रुकने नहीं दे रही थी लेकिन शो के अंतिम चरण में जब लोगों की भीड़ ब्रिज पर नजर आई तो मामला आऊट ऑफ कंट्रोल हो गया। कुछ लोग ब्रिज पर वाहन लगाकर उसके ऊपर ही खड़े हो गए तो एक युवक ने तो ब्रिज पर बड़ी सीढ़ी लगा ली। दूसरी ओर कार्यक्रम शुरू होने से पहले बड़ा सांप भी नजर आया। हालांकि एक युवक ने सांप को रेस्क्यू कर दिया। कार्यक्रम में बनी हेल्प डेस्क पर भी लोगों की भीड़ नजर आई। बताया जा रहा है कि कई लोगों के मोबाइल भी गुम हो गए थे।



शो शुरू होने से पहले नजर आया सांप



सम्पादक : महेश मूंगड़ा। स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक महेश मूंगड़ा द्वारा मूंगड़ा पब्लिकेशन, 242-43, जवाहर मार्ग, राजमोहल्ला चौराहा, इन्दौर (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र इन्दौर रहेगा। RNI NO. MPHIN/2005/15582 फोन : 98273-69587 ई-मेल : cityblastindore@gmail.com